Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 282 | सोमवार , 13 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बिहार चुनाव

# कांग्रेस के 60 प्रत्याशी तय आज लगेगी फाइनल मुहर

**पटना।**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए पहले सीटों का बंटवारा कर एनडीए ने महागठबंधन से इस मामले में बढ़त बना ली है। जबकि, दूसरी ओर महागठबंधन में सीटों का बंटवारा अभी अधर में है। राजद-कांग्रेस के साथ महागठबंधन के दूसरे घटक दलों के बड़े नेता दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी को भी महागठबंधन ने दिल्ली तलब कर लिया है। उन्होंने पटना से रवानगी के पहले कहा कि महागठबंधन थोड़ा बीमार हो गया है। सारे डाक्टर दिल्ली में हैं, वहीं जाकर सही उपचार होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पहले चरण के नामांकन के पहले



महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर खींचतान तेज हो गई है। कांग्रेस ने अपने हिस्से की लगभग 60 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए हैं। पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इन नामों पर सोमवार को दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मुहर लगेगी। वहीं, शेष सीटों पर अब भी महागठबंधन के घटक दलों के बीच मोलभाव होगा। कांग्रेस ने समय रहते स्थिति को भांपते हुए लगातार स्क्रीनिंग के जरिए अपने उम्मीदवारों का चयन करीब-करीब कर लिया है। प्रदेश नेताओं और जिला इकाइयों से आए फीडबैक के आधार पर उम्मीदवारों की सूची तैयार की गई है। इनमें कई पुराने नेताओं को मौका मिला है, जबकि कुछ सीटों पर नए चेहरों को प्राथमिकता दी गई है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी ने इस बार जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है, ताकि किसी वर्ग में नाराजगी की स्थिति न बने।

दूसरी ओर, राजद ने भी अपने उम्मीदवारों के नाम करीब-करीब तय कर लिए हैं और कुछ उम्मीदवारों को फोन भी जाने शुरू हो गए हैं। भाकपा-माले समेत अन्य वाम दलों ने भी महागठबंधन की शर्तों पर करीब-करीब रजामंदी दे दी है।

# साइबर अपराधों को रोकने के लिए एससीने की टिप्पणी

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जेबी पारदीवाला ने रविवार को कहा कि आनलाइन दुनिया में बालिकाओं के शिकार होने का खतरा अधिक है और वर्तमान जांच पद्धतियां साइबर जगत में होने वाले जटिल अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण और एक कड़वी सच्चाई है कि संविधान अंगीकार करने के 75 साल बाद भी देश बच्चों खासकर लड़कियों के अधिकारों के मामले में सुधार के लिए संघर्ष कर रहा है। जस्टिस पारदीवाला यूनीसेफ और भारत सरकार के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति (जेसीसी) के तत्वाधान में आयोजित "बालिकाओं की सुरक्षा : भारत में उनके लिए एक सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओर" विषय पर दो दिवसीय वार्षिक राष्ट्रीय परामर्श के समापन समारोह में बोल रहे थे।

**तेजी से विकसित हो रही है डिजिटल दुनिया**

तेजी से विकसित हो रही डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों और अवसरों के मुद्दे पर उन्होंने कहा, "ऑनलाइन दुनिया में बालिकाओं के शिकार होने का खतरा ज्यादा है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ अपराध करने के लिए अपराधी डिजिटल दुनिया की उस सुलभता का फायदा उठाते हैं जहां उन्हें एक-दूसरे से जुड़ना आसान होता है और उनकी पहचान भी उजागर नहीं हो पाती। हमारी वर्तमान जांच-पड़ताल की पद्धतियां साइबरस्पेस में होने वाले जटिल अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। इसलिए, हमने बच्चों खासकर लड़कियों को आनलाइन सुरक्षा प्रदान करने के लिए और अधिक कड़े कानूनी सुरक्षा उपायों, बेहतर कानून प्रवर्तन और तकनीक के ज्यादा प्रभावी इस्तेमाल की जरूरत को पहचाना, ताकि उन्हें सीखने और आगे बढ़ने में सक्षम बनाया जा सके।'

## सारंडा में माओवादियों ने एयरटेल का मोबाइल टावर फूंका, इलाके में दहशत



**मनोहरपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में माओवादियों का आतंक एक बार फिर से सिर उठाने लगा है। नक्सली घटना को अंजाम दे अपनी उपस्थित दर्ज करा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि 8 से 14 अक्टूबर तक चल रहे प्रतिशोध सप्ताह के दौरान सारंडा क्षेत्र मे माओवादियों ने शनिवार की रात जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलभोंगा गांव में स्थित एयरटेल कंपनी की मोबाइल टावर पर हमला कर दिया। मोबाइल टावर का कटीले तार की घेराबंदी तोड़ जनरेटर, पैनल यूनिट ओर पवार यूनिट को फूंक डाला। जिससे मोबाइल टावर की संचार व्यवस्था ठप पड़ गई है। सूत्रों के अनुसार, बीती शनिवार की रात लगभग 8-9 बजे के आसपास करीब 20 से 25 की संख्या में हथियारबंद माओवादी जिसमें महिलाएं भी शामिल थी,कोलभोंगा गांव पहुंचे। कोलभोंगा स्कूल से लगभग 200 मीटर की तुरी पर स्थापित एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर पर हमला बोल दिया। उन्होंने टावर परिसर की घेराबंदी तोड़कर नीचे लगे जेनसेट व कंट्रोल यूनिट में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कुछ ही देर में पूरा उपकरण जलकर राख हो गया। घटना से कोलभोंगा आसपास के क्षेत्र मे दहशत है। ग्रामीणों के मुताबिक टावर को आग के हवाले करने के बाद माओवादियों ने मौके पर नारेबाजी की और यह संदेश देने की कोशिश की कि सारंडा क्षेत्र पर उनका प्रभाव अब भी बरकरार है।

# चुनाव से पहले पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, थानू दास हत्याकांड में फरार नक्सली 20 साल बाद गिरफ्तार

**चंद्रमंडी (जमुई)।**

पूर्व में चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में आतंक का पर्याय रहे कुख्यात अपराधी थानू दास सहित पांच लोगों की हत्या में शामिल रहे एक नक्सली को चंद्रमंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विधानसभा चुनाव के पूर्व पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। चंद्रमंडी थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार और चंद्रमंडी के थाना अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि साल 2004 में चंद्रमंडी इलाके के कुख्यात



अपराधी थानू दास और उसके साथी विजय दास, दुखी दास, शिव प्रसाद दास सहित पांच साथियों की ठाड़ी पंचायत के बेद्रा जंगल में गोली मारकर और गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में कई लोगों को आरोपित बनाया गया था, जिसमें पूर्व में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में फरार चल रहे एक नक्सली चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के ठाड़ी पंचायत के खुटमो गांव निवासी राम किस्कू उर्फ फटीचर किस्कू को गुप्त सूचना के आधार पर खुटमो जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राम किस्कू खुटमो के जंगलों में आया हुआ है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर झाझा एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया।

# यूपी में कफ सीरप को लेकर नया अभियान जारी

**लखनऊ।**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने रविवार को कफ सीरप के 187 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। प्रदेश में छह अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में अब तक 782 नमूने लिए जा चुके हैं। ये नमूने 30 से अधिक कंपनियों के कफ सीरप के हैं। एफएसडीए के अधिकारियों के अनुसार अभी तक जांच के दौरान किसी भी अस्पताल, दवा की दुकान से प्रतिबंधित कोल्ड्रिफ, रिलाइफ और रेस्पिफ्रेश कफ सीरप नहीं मिला है। अधोमानक व मिलावटी कफ सीरप के खिलाफ चल रहे अभियान में शुक्रवार को आरपाइक



फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड से भी नमूने लिए गए थे। इस कंपनी की निर्माण इकाई गुजरात में है और मालिक का नाम मनोहर जायसवाल बताया जा रहा है। इस कंपनी में दवाओं की जांच के दौरान कोडिन सीरप भी मिला है। इसकी बिक्री को लेकर भी प्रदेश में अभियान शुरू हो गया है।

## मिस्र में सोमवार को गाजा पीस समिट का आयोजन

**नई दिल्ली।** गाजा पट्टी में स्थायी शांति के सिलसिले में मिस्र के शर्म अल-शेख में सोमवार को आयोजित होने वाली पीस समिट में भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भाग लेंगे। इस समिट की अध्यक्षता अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मिस्र के राष्ट्रपति आब्देल फतह अल-सीसी संयुक्त रूप से करेंगे। समिट में 20 से ज्यादा देशों के नेता भी भाग लेंगे। इस मौके पर इजरायल और हमास अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर सकते हैं।

# महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस से दूर रखने पर बढ़ा विवाद, मुत्ताकी ने दी सफाई, विपक्ष का केंद्र पर निशाना

**नई दिल्ली।**

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित न किए जाने पर उठे विवाद पर सफाई दी। उन्होंने कहा कि यह किसी जानबूझकर किए गए फैसले का नतीजा नहीं था, बल्कि सिर्फ एक तकनीकी गलती थी। मुत्ताकी ने कहा, ₹प्रेस कॉन्फ्रेंस अचानक तय हुई थी और पत्रकारों की एक छोटी सूची तैयार की गई थी। यह केवल एक तकनीकी मामला था, इसके पीछे कोई और वजह नहीं थी। हमारे



सहयोगियों ने सीमित संख्या में पत्रकारों को निमंत्रण भेजा था। उन्होंने आगे कहा, ₹अफगानिस्तान में 2.8 मिलियन से ज्यादा लड़कियां पढ़ाई कर रही हैं। शिक्षा पर कुछ सीमाएं हैं, लेकिन हमने कभी महिलाओं की शिक्षा को धार्मिक रूप से हराम नहीं कहा, बस इसे अस्थायी रूप से रोका गया है। शुक्रवार को मुत्ताकी की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार मौजूद नहीं थी, जिसे लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। विपक्ष ने इसे महिलाओं का 'अपमान' बताया और सरकार की आलोचना की। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वे महिलाओं को सार्वजनिक मंचों से दूर रखे जाने की अनुमति देते हैं, तो यह दिखाता है कि वे 'महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने में कमजोर' हैं।

# भारत पहुंचीं कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद, एस जयशंकर से करेंगी मुलाकात



**नई दिल्ली।**

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार को दिल्ली पहुंची। यहां सोमवार को वह अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर से वार्ता करेंगी, जिसमें व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग पर वार्ता की उम्मीद है। वह यहां से चीन व सिंगापुर जाएंगी। मई में विदेश मंत्री का पद संभालने के बाद आनंद की यह पहली भारत यात्रा है। वह वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से भी मिलेंगी और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करेंगी। आनंद मुंबई भी जाएंगी और कनाडा व भारत में निवेश, रोजगार सृजन एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहीं दोनों देशों की कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगी।" लगभग तीन हफ्ते पहले कनाडा की एनएसए नथाली ड्रोइन ने भारत यात्रा की थी।

**भारत-कनाडा संबंधों में सकारात्मक गति**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय तंत्रों को पुनर्जीवित करके, आर्थिक सहयोग को गहरा करके और हमारी साझेदारी को आधार देने वाले स्थायी लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करके भारत–कनाडा संबंधों में सकारात्मक गति बनाए रखने में मदद करेगी।"

# भारत करेगा यूएनटीसीसी सम्मेलन की मेजबानी: राजनाथ

**नई दिल्ली।**

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सैनिकों का योगदान देने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन का भारत 14 से 16 अक्टूबर तक मेजबानी करेगा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, शांति अभियानों के लिए अवर महासचिव (यूएसजी, डीपीओ), जीन पियरे लैक्रोइक्स भाग लेंगे। यूएनटीसीसी परिचालन चुनौतियों, उभरते खतरों तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना को मजबूत

- **भारतीय सेना 14 से 16 अक्टूबर तक इस सम्मेलन की मेजबानी करेगी।**

करने में प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण की भूमिका पर विचार करने के लिए महत्वपूर्ण फोरम है। संयुक्त राष्ट्र मिशनों में सबसे बड़े योगदानकताओं में से एक के रूप में भारत उभरते खतरों पर विचार-विमर्श करने और शांति के लिए साझा समझ बनाने के लिए उच्च स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) के सिद्धांत को प्रतिबंबित करता है।सम्मेलन के दौरान रक्षा प्रदर्शनियां भी आयोजित होंगी। सम्मेलन में अल्जीरिया, आर्मेनिया, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, बुरुंडी, कंबोडिया, मिस्त्र, इथियोपिया, फिजी, फ्रांस, घाना, इटली, कजाकिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, मेडागास्कर, मलेशिया, मंगोलिया, मोरक्को, नेपाल, नाइजीरिया, पोलैंड, रवांडा, श्रीलंका, सेनेगल, तंजानिया, थाईलैंड, युगांडा, उरुग्वे और वियतनाम के प्रतिनिधि जुटेंगे।



## संपादक की कलम से

# शिल्पकार वीरभद्र की मूर्ति



ललित शर्मा
संपादक

एक राजा ने चुना वर्षों टहलना, रिज ने उसे आंचल में बसा लिया। ऐतिहासिक रिज की मूर्ति पर राजनीतिक अवतार के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का सफर बताता रहेगा कि निकले थे हम तो खिदमत में तेरी, तूने हमें अपना किरदार बना लिया। यादगार लम्हे, श्रद्धा के पल और प्रदेश की सहमति अर्जित करके इस पुरुष ने प्रतिमा को प्रदेश का घर बना लिया। मूर्तियों पर बहस हो सकती है या प्रतिमाओं की योग्यता में पौरुष पर चर्चा हो सकती है, लेकिन वीरभद्र सिंह की हस्ती में हिमाचल का एक युग दर्ज होता है। यह युग अपने संघर्ष में विकास के मानदंड चुनते हुए हिमाचली समाज को आदर्श बना देता है, जहां हम साक्षरता के राष्ट्रीय फलक पर उच्च शिखर पर पहुंच जाते हैं। वीरभद्र सिंह दरअसल हिमाचल की संभावनाओं के चित्रकार थे, जिन्होंने विभिन्न संस्थान पैदा करते हुए शिक्षा व चिकित्सा के सफर को दक्षता के दरवाजे पर खड़ा कर दिया। एक जननायक के रूप में वीरभद्र सिंह ने न केवल राजनीति, शासन, प्रशासन व प्रगति के खाके बनाए, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन के नए पैमाने भी तय किए। सियासत से ऊपर उनकी संवेदनशीलता और प्रदेश की क्षमता से आगे उनका शिल्प हिमाचल को राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा की अग्रणी पंक्ति तक ले गया। शिमला से प्रदेश के विभिन्न भागों में कार्यालयों का स्थानांतरण, विधानसभा परिसर को तपोवन में सजाने का मंत्र या मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास की प्रथा अपनाने जैसे प्रयोगों ने उन्हें समाज के दिल से जोड़ा। शिमला से राजधानी के अक्स को धर्मशाला में शीतकालीन राजधानी पर उतारने के उनके प्रयास से कांगड़ा की राजनीति बेहद प्रभावित रही। उनके आलोचक भी उन्हें हिमाचल के विकास का श्रेय देते हैं। दूसरी ओर राजनीति के प्रभाव व दबाव में उनकी दबंगता से मुकाबिल किश्तियां टूटती रहीं। वह टूटते कांग्रेस के घरौंदे को जीवनपर्यंत बुनते रहे और अपनी महारत से सत्ता में बुलंद रहे। बहरहाल रिज पर वीरभद्र सिंह की याद में कुछ दीप जलते रहेंगे और यह भी कि अपनी सदी की हिस्ट्री में उनका उल्लेख होता रहेगा। हिमाचल की राजनीतिक जागरूकता ने जिन नेताओं को अदब से स्वीकार किया, उनमें वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह के अलावा शांता कुमार व प्रेम कुमार धूमल भी अपने-अपने कार्यों, नीतियों और मिजाज के कारण श्रद्धेय हो जाते हैं। ऐसे में रिज अब नेताओं की प्रमाणिकता का ठौर बन रहा है। राजधानी के कलश में पूरे प्रदेश की नदियों का पानी और नेताओं के कद की कहानी का चित्रण दिखाई दे रहा है। प्रदेश के कुछ कालेजों, भवनों व बस अड्डों का नामकरण भी राजनेताओं से जुड़ता है। इसी सरकार में टीएमसी की एक इमारत और धर्मशाला का बस अड्डा पूर्व मंत्री आर एस बाली के नाम का स्मरण करा रहे हैं। ऐसे में हिमाचल के विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों की प्रतिमाएं भी प्रदेश की प्रतिष्ठा के साथ जुडी चाहिएं। रिज अगर मूर्ति गृह बनने का दिल रखता है, तो जोराबर सिंह व बजीर राम सिंह पठानियां सरीखे योद्धाओं के उल्लेख भी होने चाहिएं। राष्ट्रगान की धुन बनाने वाले कै. राम सिंह और पझौता आंदोलन के नायक वैद्य सूरत सिंह की याद में राज्य स्तरीय सम्मान स्थल चिन्हित होने चाहिएं। नाहन में किंकरी देवी की मूर्ति का रखरखाव न होने से पर्यावरण संरक्षण की देवी के प्रति हमारी श्रद्धा पूरी नहीं होती। हिमाचल में शिक्षाविदों, प्रशासकों, साहित्यकारों, खिलाडियों, चिकित्सकों, कला साधकों व अन्य क्षेत्रों में नाम कमाने वालों की यादगार सेवाओं के लिए भी कुछ तो सम्मान के तराने होने चाहिएं।

मोनिका डागा

## बेटियों से मत छीनों

कविता



बेटियों से मत छीनों तुम उनका स्वतंत्र अधिकार,
बहने दो उनमें भी निर्बाध अमृत ₹आनंद₹ रसधार ।

बिटिया संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढाती,
तुम्हारे ऑगन को अपनी चहल-पहल से सजाती,
तुम्हारे मौन भावों को वो बिना कहे समझ जाती,
समय से पहले ही जिम्मेदारियों में रच बस जाती,
निभाती है वो कई रूपों में बखूबी अपना किरदार,
बहने दो उनमें भी निर्बाध अमृत ₹आनंद₹ रसधार ।

आज तुम्हारे ऑगन में एक नन्ही कली है मुस्कराई,
कल समाजिक रीति-रिवाजों में बँध करोगे विदाई,
क्यों तुमने छिना हक उनका हिस्से में दी रूसवाई,
क्या जानते हो सीने में अनकही इच्छाएं उसने छुपाई,
मत बनाओ उनको खोखली रूढ़िवादिता का शिकार,
बहने दो उनमें भी निर्बाध अमृत ₹आनंद₹ रसधार ।

पुरानी कुरीतियों, प्रथाओं का बोझ उन पर हो डालते,
क्यों उनकी प्रतिभा को दूसरों से सदा कम हो आंकते,
बिटिया को भी दो पंख तुम फलक में उड़ने के वास्ते,
अपनी सशक्त पहचान बनाने के लिए खोल दो रास्ते,
बेटे हैं कलेजा तो बिटिया को भी करो तुम स्वीकार,
बहने दो उनमें भी निर्बाध अमृत ₹आनंद₹ रसधार ।

बेटियों से मत छीनों तुम उनका स्वतंत्र अधिकार,
बहने दो उनमें भी निर्बाध अमृत ₹आनंद₹ रसधार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अहोई अष्टमी व्रत : मातृत्व की ममता और संतान की दीर्घायु का पर्व

भारतीय संस्कृति में व्रत और त्योहार केवल पूजा-पाठ के माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह जीवन के आदर्शों, भावनाओं और संबंधों की गहराई को दशार्ते हैं। इन्हीं में से एक है अहोई अष्टमी व्रत, जो मातृत्व की भावना से जुड़ा एक अत्यंत पवित्र पर्व है। यह व्रत माताएँ अपने बच्चों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखती हैं। यह पर्व माँ के त्याग, स्नेह और श्रद्धा का अद्भुत प्रतीक है।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अहोई अष्टमी का व्रत किया जाता है। यह पर्व करवा चौथ के ठीक चार दिन बाद और दीपावली से सात दिन पहले आता है। वर्ष 2025 में अहोई अष्टमी 13 अक्टूबर, सोमवार को मनाई जाएगी। इस दिन आद्रा और पुनर्वसु नक्षत्र, बव करण, परिधि योग तथा शिव योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। इस शुभ मुहूर्त में अहोई माता की पूजा और व्रत विशेष फलदायी मानी जाती है।

अहोई अष्टमी व्रत का उद्देश्य संतान की दीघार्यु, सुख और सुरक्षा के लिए माँ द्वारा किया गया एक निस्वार्थ संकल्प है। इस दिन माताएँ निर्जला उपवास रखती हैं और रात्रि में तारा दर्शन के बाद ही व्रत खोलती हैं। यह व्रत नारी के समर्पण और आस्था की मिसाल है। प्राचीन समय में इसे केवल पुत्र की लंबी आयु के लिए रखा जाता था, परंतु अब यह सभी बच्चों–पुत्र-पुत्री दोनों–के कल्याण हेतु किया जाता है।

किंवदंती के अनुसार, बहुत समय पहले एक साहूकार दंपति रहता था। उनकी सात संतानें थीं। दीपावली के दिनों में घर की सजावट हेतु साहूकार की पत्नी जंगल में मिट्टी लेने गई। जब वह मिट्टी खोद रही थी, तब उसके फावड़े से अनजाने में एक साही (साही के बच्चे) को चोट लग गई और उसकी मृत्यु हो गई। यह देखकर वह बहुत दुखी हुई। कुछ समय बाद उसके सातों पुत्रों की मृत्यु हो गई। वह शोक में डूबी रहने लगी और सोचने लगी कि यह सब उसके पाप का परिणाम है। एक दिन उसने अपनी व्यथा एक साधु को सुनाई। साधु ने कहा कि तुमने अनजाने में पाप किया है, इसलिए अहोई माता की पूजा और व्रत करो, वे तुम्हें क्षमा करेंगी और तुम्हारे पुत्रों की रक्षा करेंगी। उसने सच्चे मन से अहोई माता का व्रत किया। उसकी श्रद्धा और पश्चाताप से प्रसन्न होकर अहोई माता ने उसके सभी पुत्रों को जीवनदान दिया। तभी से यह व्रत मातृत्व, क्षमा और करुणा का प्रतीक बन गया।



प्रियंका सौरभ

*अष्टमी तिथि प्रारंभ : 13 अक्टूबर सुबह 9 :15 बजे*
*अष्टमी तिथि समाप्त : 14 अक्टूबर सुबह 7 :10 बजे*
*तारा दर्शन मुहूर्त (व्रत खोलने का समय) : शाम 6 :45 बजे से 7 :15 बजे तक (स्थानीय समय अनुसार)*
*योग : रवि योग, शिव योग, परिधि योग*
*नक्षत्र : पुनर्वसु नक्षत्र*
*व्रत उद्देश्य : संतान की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना हेतु।*
*अहोई माता का व्रत मातृत्व और संतान के पवित्र बंधन का प्रतीक है। यह व्रत माताओं की श्रद्धा, विश्वास और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक बनकर पीढ़ियों से परिवार की सुख-शांति और समृद्धि का आधार माना जाता है।*

अहोई अष्टमी के दिन प्रातःकाल स्नान के बाद माताएँ संकल्प लेती हैं कि वे दिनभर व्रत रखकर अपने बच्चों की मंगलकामना करेंगी। इस दिन निर्जला उपवास रखना श्रेष्ठ माना गया है, परंतु कुछ महिलाएँ फलाहार कर सकती हैं। शाम के समय पूजा की तैयारी की जाती है। दीवार पर या कागज पर अहोई माता का चित्र बनाया जाता है। चित्र में अहोई माता, साही माता और सात पुत्रों के प्रतीकात्मक चित्र होते हैं। साथ में सात तारे या बिंदु बनाए जाते हैं, जो सात संतान या सात पीढ़ियों का प्रतीक माने जाते हैं। पूजा की थाली में कलश, जल का लोटा, दूध, रोली, चावल, हलवा, पूड़ी, मिठाई और चांदी की अहोई रखी जाती है।

संध्या के समय जब तारा उदय होने लगता है, तब दीप जलाकर माता अहोई की पूजा की जाती है। कथा सुनी जाती है और अहोई माता से प्रार्थना की जाती है कि जैसे आपने साहूकारनी के पुत्रों को जीवनदान दिया था, वैसे ही मेरे बच्चों की रक्षा करें। पूजा के बाद माताएँ आकाश में तारे को देखती हैं, उसे जल अर्पित करती हैं और उसी क्षण व्रत खोलती हैं। कई जगह माताएँ यह व्रत चाँद निकलने पर भी खोलती हैं, किंतु पारंपरिक रूप से तारा दर्शन का महत्व सबसे अधिक माना गया है। अहोई शब्द का अर्थ ही है–अहोइ यानी गलती और ई यानी क्षमा। अहोई माता वह देवी हैं जो अनजाने में हुए पापों को क्षमा करती हैं और अपने भक्तों के जीवन से संकट दूर करती हैं। उन्हें माता पार्वती का ही एक स्वरूप माना गया है। इस दिन पार्वती जी के साथ भगवान शिव की पूजा भी विशेष रूप से शुभ मानी जाती है। शिववास योग होने पर पूजा का प्रभाव और भी बढ़ जाता है।

अहोई अष्टमी का व्रत केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि यह समाज में स्त्री की भूमिका, उसकी संवेदनशीलता और त्याग को उजागर करता है। यह पर्व मातृत्व के उस रूप को सामने लाता है, जो न केवल सृजन करती है बल्कि संरक्षण भी करती है। इस व्रत में माँ यह संकल्प लेती है कि वह अपने बच्चों की रक्षा और उन्नति के लिए हर तप, हर त्याग करने को तैयार है। यही भावना भारतीय संस्कृति में नारी को पूजनीय बनाती है।

आज के आधुनिक युग में भी अहोई अष्टमी का महत्व कम नहीं हुआ है। शहरों और व्यस्त जीवनशैली के बावजूद महिलाएँ इस दिन उपवास रखती हैं, ऑनलाइन कथा सुनती हैं और डिजिटल रूप में भी पूजा करती हैं। भले ही माध्यम बदल गए हों, परंतु भावना वही है–माँ की निस्वार्थ ममता और अपने बच्चों के सुख की कामना। यह परंपरा यह भी सिखाती है कि संस्कृति समय के साथ बदलती है, पर उसकी जड़ें आस्था और संबंधों में ही रहती हैं।

अहोई अष्टमी का एक पर्यावरणीय संदेश भी है। कथा में वर्णित साही एक वन्य जीव है, जो भूमि और जंगल की उर्वरता में सहायक होता है। इस कथा के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि प्रकृति और जीवों के प्रति दया और करुणा रखना मानव का धर्म है। अनजाने में भी किसी जीव को कष्ट देना पाप माना गया है। इस दृष्टि से अहोई अष्टमी केवल संतान की पूजा नहीं, बल्कि जीवों के प्रति करुणा और प्रकृति के प्रति सम्मान का भी पर्व है। यह व्रत परिवार के भीतर एकता, स्नेह और सामाजिक जुड़ाव का भी माध्यम है। माताएँ एक साथ बैठकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं, और अपनी अनुभूतियाँ साझा करती हैं। इससे न केवल पारिवारिक बंधन मजबूत होते हैं बल्कि पीढ़ियों तक संस्कारों का प्रवाह बना रहता है। छोटे बच्चे भी इस दिन अपनी माँ को पूजा करते देखते हैं और उनके मन में आस्था के बीज पड़ते हैं।

अहोई अष्टमी जीवन के उस भाव को भी अभिव्यक्त करती है जिसमें गलती करने के बाद पश्चाताप और सुधार का मार्ग खुला रहता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि यदि किसी ने अनजाने में कोई भूल कर दी हो, तो सच्चे मन से पश्चाताप और ईश्वर की प्रार्थना करने से क्षमा प्राप्त की जा सकती है। यह क्षमा की भावना समाज को मानवीय और संवेदनशील बनाती है।

भारतीय परंपराओं में हर त्योहार के पीछे एक गहरा सामाजिक और आध्यात्मिक संदेश छिपा होता है। अहोई अष्टमी भी यही सिखाती है कि सच्चा धर्म केवल पूजा-पाठ में नहीं, बल्कि प्रेम, क्षमा और करुणा में निहित है। जब माँ अपनी संतानों के लिए तारा देखकर व्रत खोलती है, तब वह केवल अपने बच्चों की नहीं, बल्कि पूरे परिवार की मंगलकामना करती है। यह व्रत जीवन में संयम, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है।

अंततः अहोई अष्टमी भारतीय नारी की उस शक्ति को नमन है जो सृजन करती है, पोषण करती है और रक्षा भी करती है। यह पर्व मातृत्व की पवित्रता का उत्सव है। जिस समाज में माँ का आदर किया जाता है, वहाँ सदैव शुभता और समृद्धि बनी रहती है। अहोई अष्टमी की यह परंपरा हमें याद दिलाती है कि माँ केवल जननी नहीं, बल्कि एक देवी स्वरूप है जिसकी ममता से ही संसार चलता है। अहोई माता का आशीर्वाद सभी संतानों पर बना रहे। सभी माताओं को अहोई अष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# अहोई ,मां का सन्तान के लिए उपवास का दिन

अहोई माता का व्रत रखने और उनकी मनोयोग से पूजा करने से अहोई मां, उपवास रख रही मां व उनकी सन्तान को लम्बी उम्र का आशीर्वाद देती हैं। संतान की सलामती से जुड़े इस व्रत का बहुत महत्व है। साथ ही इस दिन की पूजा को विशेष पूजा भी कहा जा सकता है। आइए आपको बताते हैं इस साल अहोई अष्टमी कब पड़ रही है और क्या है इसका शुभ मुहूर्त।

अहोई अष्टमी का त्योहार 13 अक्टूबर को पड़ रहा है। अहोई अष्टमी को कालाष्टमी भी कहते हैं। इस दिन मथुरा के राधा कुंड में लाखों श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। अहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ के चार दिन बाद और दिवाली से आठ दिन पहले रखा जाता है।

**अहोई शुभ पूजा मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि की शुरूआत 13 अक्टूबर की रात 12:24 बजे से होगी और इसका समापन 14 अक्टूबर की सुबह 11:09 बजे पर होगा। अहोई माता की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 53 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 08 मिनट तक रहेगा।

**अहोई माता की पूजा ऐसे करें**

सुबह के समय जल्दी उठकर सबसे पहले स्नान आदि करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। अब मंदिर या घर मे पूजा स्थान की दीवार पर गेरू और चावल से अहोई माता यानी कि मां पार्वती और स्याहु व उसके सात पुत्रों का चित्र बनाएं।इसके लिए बाजार में मिलने वाले पोस्टर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। अब एक नए मटके में पानी भरकर रखें, उसपर हल्दी से स्वास्तिक बनाएं, अब मटके के ढक्कन पर सिंघाड़े रखें।

घर में मौजूद सभी बुजुर्ग महिलाओं को बुलाकर सभी के साथ मिलकर अहोई माता का ध्यान करें और उनकी व्रत कथा पढ़ें। सभी के लिए एक-एक स्वच्छ कपड़ा भी रखें। कथा खत्म होने के बाद इस कपड़े को उन महिलाओं को भेंट कर दें। रखे हुए मटके का पानी खाली ना करें इस पानी से दीवाली के दिन पूरे घर में पोंछा लगाएं। इससे घर में बरकत आती है। रात के समय सितारों को जल से अर्घ्य दें और फिर ही उपवास को पूरा करें।

इस दिन अहोई माता की पूजा की जाती है। अहोई अष्टमी का व्रत महिलाएं अपनी संतानों की लंबी आयु के लिए रखती हैं। कुछ महिलाएं इस व्रत को संतान प्राप्ति के लिए भी करती हैं। यह व्रत दिनभर निर्जल रहकर किया जाता है। अहोई माता का पूजन करने के लिए महिलाएं तड़के उठकर मंदिर में जाती हैं और वहीं पर पूजा के साथ व्रत प्रारंभ होता है। यह व्रत चंद्र दर्शन के बाद ही खोला जाता है।



डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

महिलाएं इस दिन सायंकाल भक्ति-भावना के साथ दीवार पर अहोई की पुतली रंग भरकर बनाती हैं। उसी पुतली के पास सेई व सेई के बच्चे भी बनाती हैं। आजकल बाजार से अहोई के बने रंगीन चित्र कागज भी मिलते हैं जिनको लाकर उनकी पूजा की जा सकती है। कुछ महिलाएं पूजा के लिए चांदी की एक अहोई भी बनाती हैं, जिसे स्याऊ कहते हैं और उसमें चांदी के दो मोती डालकर विशेष पूजन किया जाता है। तारे निकलने के बाद अहोई माता की पूजा प्रारंभ होती है। पूजन से पहले जमीन को स्वच्छ करके, पूजा का चौक पूरकर, एक लोटे में जलकर उसे कलश की भांति चौकी के एक कोने पर रख ते हैं और फिर भक्ति भाव से पूजा करते हैं। साथ ही अहोई अष्टमी की व्रत कथा का श्रद्धा भाव से श्रवण किया जाता है।

कथा, पूजन और आरती के बाद माता को हलवा, पूड़ी और चना चढ़ाया जाता है। कुछ परिवारों में माता को पानी के साथ दूध और कच्चा चावल चढ़ाते हैं।

**क्या है अहोई की प्रचलित कथा**

बताया गया है कि एक साहूकार के 7 बेटे थे और एक बेटी थी। साहुकार ने अपने सातों बेटों और एक बेटी की शादी कर दी थी. अब उसके घर में सात बेटों के साथ सातबहुएं भी थीं।

साहुकार की बेटी दिवाली पर अपने ससुराल से मायके आई थी. दिवाली पर घर को लीपना था, इसलिए सारी बहुएं जंगल से मिट्टी लेने गईं. ये देखकरससुराल से मायके आई साहुकार की बेटी भी उनके साथ चल दी।

साहूकार की बेटी जहां मिट्टी काट रही थी, उस स्थान पर स्याहु (साही) अपने साथ बेटों से साथ रहती थी. मिट्टी काटते हुए गलती से साहूकार की बेटीकी खुरपी के चोट से स्याहु का एक बच्चा मर गया. इस पर क्रोधित होकर स्याहु ने कहा कि मैं तुम्हारी कोख बांधूंगी।

स्याहु के वचन सुनकर साहूकार की बेटी अपनी सातों भाभियों से एक-एक कर विनती करती हैं कि वह उसके बदले अपनी कोख बंधवा लें. सबसे छोटीभाभी ननद के बदले अपनी कोख बंधवाने के लिए तैयार हो जाती है. इसके बाद छोटी भाभी के जो भी बच्चे होते हैं, वे सात दिन बाद मर जाते हैं सात पुत्रोंकी इस प्रकार मृत्यु होने के बाद उसने पंडित को बुलवाकर इसका कारण पूछा. पंडित ने सुरही गाय की सेवा करने की सलाह दी।

सुरही सेवा से प्रसन्न होती है और छोटी बहु से पूछती है कि तू किस लिए मेरी इतनी सेवा कर रही है और वह उससे क्या चाहती है? जो कुछ तेरीइच्छा हो वह मुझ से मांग ले. साहूकार की बहु ने कहा कि स्याहु माता ने मेरी कोख बांध दी है जिससे मेरे बच्चे नहीं बचते हैं. यदि आप मेरी कोख खुलवा देतो मैं आपका उपकार मानूंगी. गाय माता ने उसकी बात मान ली और उसे साथ लेकर सात समुद्र पार स्याहु माता के पास ले चली।

रास्ते में थक जाने पर दोनों आराम करने लगते हैं. अचानक साहूकार की छोटी बहू की नजर एक ओर जाती हैं, वह देखती है कि एक सांप गरूड़ पंखनीके बच्चे को डंसने जा रहा है और वह सांप को मार देती है. इतने में गरूड़ पंखनी वहां आ जाती है और खून बिखरा हुआ देखकर उसे लगता है कि छोटी बहूने उसके बच्चे को मार दिया है इस पर वह छोटी बहू को चोंच मारना शुरू कर देती है।

छोटी बहू इस पर कहती है कि उसने तो उसके बच्चे की जान बचाई है. गरूड़ पंखनी इस पर खुश होती है और सुरही सहित उन्हें स्याहु के पास पहुंचा देती है।

वहां छोटी बहू स्याहु की भी सेवा करती है. स्याहु छोटी बहू की सेवा से प्रसन्न होकर उसे सात पुत्र और सात बहू होने का आशीर्वाद देती है. स्याहु छोटीबहू को सात पुत्र और सात पुत्रवधुओं का आशीर्वाद देती है। और कहती है कि घर जाने पर तू अहोई माता का उद्यापन करना। सात सात अहोई बनाकर सातकड़ाही देना। उसने घर लौट कर देखा तो उसके सात बेटे और सात बहुएं बेटी हुई मिली। वह खुशी के मारे भाव-भिवोर हो गई। उसने सात अहोई बनाकर सातकड़ाही देकर उद्यापन किया।इस लोक कथा के प्रति माताओ में अटूट आस्था है तभी तो वे इस कथा को बड़े मनोयोग से सुनकर अपना अहोई उपवास पूरा करती है।

# आजकल की विवाह शादियाँ में दिखावा?

विवाह शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। आने वाले कुछ महीनों तक शहनाइयों की गूंज और शादियों की चमक-दमक बनी रहेगी। आप में से भी ऐसे कई लोग होंगे, जिनके घर शादी के न्योते आ चुके होंगे या जिनके घर में ही शादी होगी। ईश्वर में यही कामना है कि आपके घर का आयोजन हंसी-खुशी संपन्न हो। लेकिन अपने इस आयोजन को पारिवारिक मेल-जोल का जरिया बनाने का प्रयास करेंगे तो यह ज्यादा सफल बन सकेगा....।

क्योंकि आजकल हमारे यहाँ बड़ी-बड़ी और महँगी शादियाँ करना एक चलन बन गया है, इसे व्यक्ति की प्रतिष्ठा से जोड़ा जाने लगा है। जो जितनी महँगी शादी का आयोजन कर रहा है, उसे समाज में उतना ही संपन्न माना जाएगा। बात सिर्फ महँगी शादी की नहीं है। शादी जितने दिन तक चलेगी उसे उतनी ज्यादा मान्यता दी जाएगी, जिसमें छोटी-छोटी रस्मों के लिए भी बड़े-बड़े आयोजन होना जरुरी है। फिर हर आयोजन के अनुसार अलग-अलग पहरनावा जैसे मेहंदी के लिए हरे कपड़े, हल्दी की रस्म में शामिल होना है तो पीले रंग के कपड़े, उस पर कुछ पाश्चात्य संस्कृति का भी दिखावा करने के लिए कॉकटेल पार्टी, बॉलीवुड के किसी समारोह की तरह दिखने वाला संगीत का समारोह, इतना होना तो आवश्यक है। इन आयोजनों का खर्च जितना मेजबान पर भारी पड़ता है, उससे ज्यादा महंगे ये मेहमान के लिए भी साबित होते हैं। आपको जिस आयोजन में शामिल होना है, उसके हिसाब से कपड़े होना चाहिए, और अगर नजदीकी रिश्तेदार के यहाँ शादी है, तो फिर पूरा परिवार ही जाएगा। मतलब जितने लोग उतने ही नए कपड़े होना जरुरी है। अब जितने अलग प्रकार के कपड़े उतना ही बनाव-श्रृंगार का सामान भी चाहिए। फिर आप शादी में खाली हाथ तो नहीं जाएँगे। मतलब शगुन या तोहफे का भी खर्च जोडिए। जब शादी इतनी भव्य की जा रही है तो भेंट भी वैसी ही होनी चाहिए।



विजय गर्ग

इसके अलावा मशहूर हस्तियों को देखकर आजकल डेस्टिनेशन वेडिंग का एक नया ट्रेंड चला है, लोग अपने शहर से दूर जाकर शादियाँ करने लगे हैं, जिसमें गिनती के मेहमानों को बुलाया जाता है। मतलब आप किसी के बहुत ही करीबी होंगे तो ही आपका नाम मेहमानों की लिस्ट में दर्ज किया जाएगा। अब जब आप इतने करीब के रिश्तेदार हैं, तो जाना आवश्यक है। लेकिन मान लीजिए कि डेस्टिनेशन वेडिंग का डेस्टिनेशन आपके शहर से बहुत दूर है, तो सभी रस्मों में शामिल होने के लिए बनाव श्रृंगार का खर्चा तो बढ़ा ही और अब आने-जाने का खर्च अलग से....। यह चलन मेहमान और मेजबान के लिए महंगा तो है ही लेकिन इसका एक पक्ष ये भी है कि इससे रिश्तों में दूरियां आ रही है। जिन्हें नहीं बुलाया गया उनके मन ये विचार आना तो स्वाभाविक है कि हम करीब नहीं इसलिए हमें नहीं बुलाया गया ये आपकी एक नकारात्मक छवि बनाता है और रिश्तों में दरार का कारण बनता है। आजकल शादियों में दिखावा बहुत आम हो गया है। इस दिखावे के चलते शादीयों में कई प्रकार के पकवान बनवाए जाते हैं। स्टॉल्स अलग, मेन कोर्स अलग, उसमें भी हर चीज के कई विकल्प तीन प्रकार की सब्जियां और पांच तरह की मिठाइयाँ होना तो जरुरी हो गया है। सब मिलकर इतना खाना हो जाता है जितना एक आम व्यक्ति एक बार में शायद ही खा पाए। नतीजा ये होता है कि खाने की बबार्दी होती है। लोग शौक-शौक में ढेर सारा खाना ले लेते हैं फिर न खा पाने की स्थिति में ये सारा खाना व्यर्थ जाता है।

# राज्यमंत्री समाज कल्याण ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय नरायनपुर का किया निरीक्षण

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरूण द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय नरायनपुर (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यालय के स्टोर रूम व किचन रूम का निरीक्षण किया एवं बच्चों को दिये जाने वाले भोजन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, भोजन की गुणवत्ता ठीक पायी गयी जिस पर मंत्री जी ने भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर करने का निर्देश दिये।

कैन्टीन के निरीक्षण में फर्श के पत्थर की पालिस कराने एवं टूटे हुये पत्थर को बदलवाने, पंखे चेन्ज करवाने, अच्छी किस्म की एलईडी लाइट लगवाने व मेज व टेबल की पेन्टिंग के साथ-साथ टेबल व मेज पर लगे सरमाइका को बदलवाकर और अच्छे कलर दार सरमाइका लगाने के निर्देश दियें। प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि दीवालों पर अध्यापकों एवं बच्चों के परामर्श से कलात्मक पेन्टिंग करायी जाये। बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग क्लास चलवाये जाने के निर्देश दिये। आवासीय बच्चों के कक्ष में मंत्री जी द्वारा निरीक्षण किया गया और कक्षा-7 के छात्र दुर्गेश, शिवा सरोज आदि की किताबे चेक किये और बच्चों से पढ़ाई से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये, बच्चों के उत्तर से मंत्री जी सन्तुष्ट थे। इसके अतिरिक्त कक्षा-9 के आवसीय बच्चों के कक्ष में गणित के विभिन्न प्रश्न पीयूष राव, अभय यादव सहित अन्य बच्चों से पूछे गये जिस पर बच्चों द्वारा सही देने पर मंत्री जी ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के बच्चों द्वारा ज्वालामुखी, जल शुद्धिकरण, स्वयं से निर्मित मंत्री जी की फोटो, नवीन संसद भवन आदि की प्रदर्शनी लगायी गयी थी जिसका मंत्री जी द्वारा अवलोकन किया गया जिस पर प्रसन्नता व्यक्त की। बच्चों को स्वावलम्बी बनाने के लिये 12 बच्चों का एक ग्रुप बनाकर सफाई किट दिया जाये जिससे सप्ताह में एक दिन बच्चों व अध्यापकों द्वारा श्रमदान कर सफाई का कार्य किया जाये। इसके अतिरिक्त 12 बच्चों का एक ग्रुप बनाकर उन्हें कपड़े प्रेस करने के लिये एक प्रेस दिया जाये जिससे बच्चें कपड़ों को प्रेस करके सुसज्जित व अच्छे दिखे। इसके अतिरिक्त विद्यालय परिसर के गमलों में फूलपत्ती लगाये, कैम्पस में भी फूल, हरी घास लगाये और इसे बेहतर करने लिये बच्चों को भी सिखाये जिससे वे अपने घर परिवार को भी सिखा सके। मंत्री जी ने स्कूल के अध्यापकों एवं बच्चों से वार्ता की और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। मंत्री जी द्वारा बच्चों से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी जिस पर बच्चों ने बताया कि सभी सुविधायें मिल रही है। विद्यालय के 02 बच्चों द्वारा कविता व रैप के माध्यम से अपनी अनोखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया जिस पर मंत्री जी ने प्रसन्न होकर विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि विद्यालय के और बच्चों को इसी तरह की अनोखी प्रतिभा हेतु प्रोत्साहित किया जायें। इस दौरान मंत्री जी द्वारा विद्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को देखा गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** रविवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग बुलंदशहर द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वय से मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत विकास खंड शिकारपुर एवं पहासू ब्लॉक के द्वारा संयुक्त रूप से चौधरी फिजिकल अकादमी उटराबली गांव में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय व कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी, व्यायाम प्रशिक्षक खेमेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह और जयवीर सिंह द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलों का महत्व समझाकर जागरूक किया गया। खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं एवं महिला मंगल दल के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नारी,सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निदेर्शों के क्रम में विगत दिवस महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी,सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान कार्यक्रम का आयोजन हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम एव वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर व मुस्लिम गर्ल्स हाई स्कूल बिजनौर में किया गया। डीएमसी रविता राठी द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर अभिशाप है, क्यूंकि यह बच्चों के अधिकारों को छीन लेता है उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक शोषण के जोखिम में डाल देता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह बेटियों को शिक्षा और अवसरों से वंचित कर देता है और गरीबी व बीमारी के चक्र को बढ़ा देता है जिस लड़की की शादी कम उम्र में हो जाती है उसे जीवन में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए लड़कियों का विवाह 18 वर्ष की होने पर करना चाहिए, ताकि उनका भविष्य उज्वल बन सके। साथ ही वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा मुस्लिम गर्ल्स हाई स्कूल की छात्राओं के साथ जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ।जिसमें विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में जानकारी दी गई ।साथ ही पुलिस सहायता हेल्पलाइन 112, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल की सभी अध्यापिकाएं एवं छात्राएं मौजूद थीं।

## खनन पट्टा क्षेत्र का तहसीलदार नजीबाबाद संतोष कुमार तथा सुनील कुमार द्वारा खनन पट्टा स्थल का स्थलीय निरीक्षण



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शों के अनुपालन में कल 11 अक्तूबर, 25 को खनन निदेशालय एवं सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायत के आधार पर जनपद में संचालित खनन पट्टा क्षेत्र ग्राम वीरू वाला स्थित तहसील नजीबाबाद खनन पट्टा क्षेत्र का तहसीलदार नजीबाबाद संतोष कुमार तथा खनन निरीक्षक सुनील कुमार द्वारा खनन पट्टा स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जांच की गई। उक्त अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान प्रथम दृष्ट्या पाया गया कि खनन पट्टा धारक द्वारा आवंटित क्षेत्र के बाहर भी अवैध रूप से खनन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की विस्तृत जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की जाएगी।

# मिशन शक्ति की महिला पुलिस टीम को सम्मानित किया गया : सुनीता दहिया

**वेलकम इंडिया**

- टीम की लीडर पूजा यादव एवं उनकी पूरी टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।
- मिशन शक्ति की महिला पुलिस टीम को सम्मानित किया है।

**मुरादाबाद :** संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) के नेतृत्व में थाना मझोला क्षेत्र में मिशन शक्ति कार्यक्रम की क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया और उनकी पुलिस महिला टीम द्वारा नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले अपराधी को मुठभेड़ में एनकाउंटर कर गिरफ्तार करने वाली टीम की लीडर पूजा यादव एवं उनकी पूरी टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल (जॉनी) ने कहा कि पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर रण विजय सिंह के नेतृत्व में मुरादाबाद नगर में कानून व्यवस्था बढ़िया होने से व्यापारी वर्ग बहुत खुश है इसलिए आज हम सब ने मिलकर मिशन शक्ति की महिला पुलिस टीम को सम्मानित किया है।



# सरधना में घर में घुसकर महिला को गोली मारी

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ के सरधना में अशोक स्तंभ पुलिस चौकी से कुछ दूर घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी गई। रविवार की सुबह नकाबपोश हमलावर ने उस वक्त वारदात को अंजाम दिया, जब महिला घर में अकेली थी। घटना को अंजाम देकर हमलावर आसानी से फरार हो गया। घायल महिला को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

वी ओ - हमले में घायल महिला का नाम सीमा है और उसने व्यापारी मुकेश गुप्ता से दूसरी शादी की है। मुकेश गुप्ता सीमा के लिए नया घर और दुकान बनवा रहे हैं। उसी घर में सीमा अकेली थी और अपने लिए खाना बना रही थी। तभी ए क नकाबपोश घर में दाखिल हुआ और पिस्टल से सीमा के ऊपर गोलियां दाग दी। एक गोली सीमा के सिर और एक गोली पैर में लगी। सीमा को लहूलुहान देख आरोपी फरार हो गया।



## दो दिवसीय फर्स्ट राष्ट्रीय रिंग टेनिस रेफरी क्लिनिक का समापन




**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** दो दिवसीय राष्ट्रीय रिंग टेनिस रेफरी क्लिनिक का समापन वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया` समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर वाराणसी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष अमित पांडे रहे इन्होंने प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया इससे पूर्व रिंग टेनिस फेडरेशनऑफ इंडिया के सचिव के.आर.बी.श्याम सुंदर ने प्रतिभागियों को सुबह के सत्र में मौखिक एवं प्रयोगात्मक खेल की जानकारी दी इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने रेफरी की लिखित परीक्षा दी परीक्षा पास करने वाले प्रतिभागियों को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए राष्ट्रीय जूनियर नेशनल रिंग टेनिस चैम्पियनशिप जो की गुजरात में नवम्बर माह में आयोजित की जाएंगी वहां पर बुलाया जाएगा क्लिनिक में देशभर के लगभग 65 रेफरी ने भाग लिया, जिनमें तमिलनाडु,तेलंगाना,राजस्थान,उड़ीसा,बिहार,महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी सम्मिलित हैं कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत मे मनीषा रानी महासचिव उत्तर प्रदेश रिंग टेनिस असोसिएशन ने आए हुए प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रकट किया।

## मकान पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**बुलंदशहर :** दबंग लोगों पर मारपीट कर मकान पर जबरन कब्जा करने का लगाया आरोप। यह मामला कोतवाली स्याना क्षेत्र के गांव बरौली वासुदेवपुर का है।

आरोपी दबंगों द्वारा मारपीट करने का वीडियो भी हो रहा है सोशल मीडिया पर वायरल पीड़ित का आरोप है कि वह पिछले कई वर्षों से मकान में रह रहे हैं दबंग लोग जबरन मकान पर कब्जा करना चाहते हैं पीड़ित का दावा है कि मकान पर कब्जा करने का विरोध किया तो उसके वह उसके परिवार के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियार से वार कर जोरदार मारपीट की गई पीड़ित ने स्याना कोतवाली पहुंचकर आरोपी दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है कोतवाली प्रभारी का दावा है कि जिन लोगों को चोट लगी है उनका मेडिकल करा दिया गया है जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी ले के लिए बुक हुई कर अधिक मुनाफे के लिए बेच दी किसी दूसरे को

**उज्जवल रस्तौगी**



मेरठ दिल्ली रोड मोहकमपुर स्थित नेक्सा शोरूम पर ग्राहक के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जहां पर 3 सितंबर को समर गार्डन निवासी सलमान फैसल और शादाब द्वारा एक गाड़ी बुक कराई गई थी जिसकी कीमत बुकिंग के समय 4.50 लाख रुपए बताई गई बुकिंग की राशि जमा कर दी गई। आपको बता दें कि नियम यह है कि बुकिंग होने के पश्चात बाकी रकम डिलीवरी के समय अदा की जाती है लेकिन शोरूम मालिकों ने इन तीनों लोगों से लगातार फोन करके 29 सितंबर तक चार लाख 40 हजार रुपए का पेमेंट ले लिया और 30 सितंबर को फोन करके कहा कि आपकी गाड़ी को किसी दूसरे को दे दिया गया है अब आप दूसरी गाड़ी ले लीजिए यह तीनों भाई मजदूरी का कार्य करते हैं उन्होंने यह गाड़ी अपनी बहन की शादी के लिए की थी जबकि इन तीनों के पिता का स्वर्गवास हो चुका है तीनों भाई भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकेट के सक्रिय सदस्य भी हैं जब उन्होंने यह सारा मामला यूनियन के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार को बताया तब जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार अपने साथियों के साथ शोरूम पर पहुंचे और शोरूम मालिकों से बात की संतोषजनक उत्तर न मिलने पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के तमाम कार्यकर्ता शोरूम के बाहर धरने पर बैठ गए अब देखना यह है कि शोरूम मालिक के खिलाफ प्रशासन या कोई अन्य प्रशासनिक अधिकारी क्या कार्रवाई करता है।

# आभा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क चतुर्थ नेत्र शिविर के अंतर्गत चश्मा वितरण कार्यक्रम सम्पन्न




**नितिन शर्मा : वेलकम इंडिया**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा आयोजित निःशुल्क चतुर्थ नेत्र चिकित्सा शिविर के अंतर्गत आज लगभग 1400 चश्मों का वितरण किया गया। यह चश्मे उन लाभार्थियों को दिए गए जिनकी आंखों की जांच 05 अक्टूबर 2025 को लगाए गए शिविर में की गई थी। चश्मा प्राप्त करने के बाद लाभार्थियों ने आभा फाउंडेशन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और चश्मों की गुणवत्ता की सराहना की। फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को आंखों की जांच और उपचार की सुविधा निशुल्क प्राप्त हो सके। आभा फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण उपचार से वंचित न रहे।

# उपजिलाधिकारी सदर बिजनौर श्रीमती रितु रानी की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम का गठन किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने प्राप्त शिकायत के क्रम में, जिसमें ग्राम छिल्लोर बंगर के गाटा संख्या 102 क्षेत्रफल 0.014 हेक्टेयर जो राजस्व अभिलेखों में नाली श्रेणी 6(2) की भूमि पर कब्जा होने की शिकायत की क्रम उक्त प्रकरण की जाँच के लिए उनके द्वारा उपजिलाधिकारी सदर बिजनौर श्रीमती रितु रानी की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम का गठन किया। तत्क्रम में नायब तहसीलदार सदर सार्थक चावला की अध्यक्षता में राजस्व टीम द्वारा मौके पर उपस्थित होकर तालिब-खालिद आदि द्वारा दीवार बनाकर सरकारी भूमि/नाली पर हो रहे अवैध कब्जे, जिसका चौड़ाई लगभग 01 मीटर एवं कुल रकबा 0.014 हेक्टेयर को खाली कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त सरकारी भूमि/नाली को पूर्णता कब्जा मुक्त करा दिया गया है। इसके अलावा राजस्व विभाग की जांच में तालिब बंधुओं के तीन क्रेशर सरकारी जमीन में संचालित मिले, जबकि राजस्व अभिलेखों में यह जमीन 1359 फसली वर्ष खतौनी में झाड़ी जंगल के नाम दर्ज है। उक्त मामले में नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त क्रशरों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। जिलाधिकारी कौर ने बताया कि प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अभिनव राज ने शिकायतकर्ता रोबिन चौधरी, निवासी ग्राम मोल्हड़पुर, पोस्ट पृथ्वीपुर तहसील व जिला बिजनौर के शिकायती पत्र जिसमें उनके द्वारा तालिब एवं खालिद बंधुओं द्वारा संचालित आरामशीन निकट काली मन्दिर, आरामशीन मछली बाजार चाहशीरीं बी-21, आरामशीन चांदपुर रोड बिजनौर पर प्रतिबंधित प्रजाति की लकडी. जैसे, सागौन, शीशम आदि की अवैध कटाई किये जाने के कारण पर्यावरण को नुक्सान पहुंचने एंव वन अधिनियम का उल्लंघन किये जाने आदि की शिकायत की जांच संयुक्त रूप से राजस्व एव वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच आख्या में प्रतिबन्धित प्रजाति के प्रकोष्ठ का मिलान उपस्थित अभिलेखों से करने पर सही न पाये जाने, साईनबोर्ड मानक के विपरीत पाए जाने, स्टाक रजिस्टर अद्यावधिक न होने, अग्निशमन व्यवस्था मानक के अनुरूप न पाए जाने आदि के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। उक्त परिपेक्ष्य में उ०प्र० आरामशीन स्थापना और विनियमन नियमावली 1978 के आलोक में संबंधित आरामिल के संबंधित अनुज्ञापित धारियों को पृथक-पृथक रूप से नोटिस निर्गत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही करते हुये खालिद एंव तालिब व उनके परिवारजनों आरामशीन/विनियर संचालकों के विरुद्ध आरामशीन नियमावली के उल्लंघन के लिए सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में वन अपराध पंजीकृत करते हुए नियम विरुद्ध संचालित 04 आरामशीन/विनियर ईकाईयों के लाईसेंस को अग्रिम आदेशों तक निलम्बित किया गया है।



## दिव्य बीकानेर स्वीट्स का समाजसेवी ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**शिकारपुर।** नगर स्थित जहांगीराबाद चुंगी पर रविवार को दिव्य बीकानेर स्वीट्स का समाजसेवी शिवकुमार शर्मा उर्फ सीटू शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया दिव्य बीकानेर स्वीट्स पर शुद्ध देसी घी से निर्मित मिठाइयां मिलती हैं।

और यहां पर ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर ,की भी व्यवस्था है। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तालाब मे डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत, मां का रो रो कर बुरा हाल

वेलकम इंडिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** लोटन थाना क्षेत्र के खखरा खुर्द गांव में रविवार दोपहर एक घटना हुई, जहां तालाब में नहाने के दौरान दो ममेरी बहनों की डूबने से मौत हो गई।मृतक बच्चियों की पहचान महुआ गांव की 8 वर्षीय करीना, पुत्री बाढ़ू, और टोला महुआ निवासी सुंदरी, पुत्री मनोज, के रूप में हुई है। सुंदरी हाल ही में अपने ननिहाल महुआ आई हुई थी।

पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार, पांच बच्चियां खखरा खुर्द गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गई थीं। इसी दौरान करीना और सुंदरी का पैर फिसल गया और वे तालाब में गिर गईं। साथ मौजूद तीन अन्य बच्चियों ने गांव लौटकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण जब तालाब पर पहुंचे, तब तक दोनों बहनों की मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि यह एक दुर्घटनावश हुआ हादसा है और दोनों बच्चियों की डूबने से मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि बच्चियां नहाने के लिए तालाब गई थीं और असावधानी के कारण यह घटना हुई। खखरा खुर्द गांव लोटन थाना क्षेत्र में आता है और यह लोटन थाना के बॉर्डर के पास स्थित है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने मृतक बच्चियों के परिवारों को सांत्वना दी और पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है।



## नगदी समेत लाखों की चोरी मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खोचवा गांव (मिजार्मुराद) में शनिवार को हुए चोरी के मामले में पीड़ित संतोष कुमार उपाध्याय के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार खोचवा गांव (मिजार्मुराद) निवासी संतोष कुमार उपाध्याय मकान बनवाकर रोहनिया रहते है।पीड़ित ने बताया कि शनिवार को दोपहर मेरे भाई उमेश कुमार उपाध्याय का फोन आया कि कमरे में लगे विंडो एसी को तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा आपके कमरे में चोरी किया गया है।सूचना पर घर आपका देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा नगदी समेत सोने के जेवरात समेत अन्य सामान गायब थे।घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया सूचना पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय समेत मौके पर फारेंसिक टीम आकर जांच-पड़ताल कर वापस चली गई।

# एएसपी, एडीएम ने सुरक्षा को लेकर किया फुट मार्च

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना अन्तर्गत कस्बे में रविवार शाम एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद और एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इसका उद्देश्य कस्बे के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाना था।

एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। नगर में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने, आपसी भेदभाव मिटाने और अमन-चैन स्थापित करने की आवश्यकता है।

एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि आरएसएस स्वयंसेवकों का पथ संचलन कार्यक्रम 14 अक्टूबर को सुचारू रूप से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा। उन्होंने नगरवासियों से शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करने का आग्रह किया। एडीएम ने सभी नागरिकों को नियम-कानून का पालन करने और इंटरनेट मीडिया पर किसी के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग न करने की सलाह दी, क्योंकि इससे टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रहा है।इस पैदल मार्च में नवागत सीओ मयंक द्विवेदी, थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह, निरीक्षक सुभाष यादव और उपनिरीक्षक जितेंद्र पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## बुलन्दशहर पुलिस की विशेष पहल अपराधियों को बुलाकर उनसे अपराध न करने की शपथ दिलाई



**बुलंदशहर।** नरसेना में पुलिस ने आगामी त्योहारी सीजन और ग्राम पंचायत चुनावों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक विशेष पहल की है। इस अभियान के तहत, जिले के सभी थानों में सूचीबद्ध अपराधियों को बुलाकर उनसे अपराध न करने की शपथ दिलाई गई। नरसेना पुलिस ने कुल 100 अपराधियों की सूची तैयार की थी, जिनका सत्यापन भी किया गया। इन अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति या आपराधिक गतिविधि को रोकना है। थाना प्रभारी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला अपराधों से संबंधित 13 अपराधियों का सत्यापन कर उनसे भविष्य में कोई अपराध न करने की शपथ दिलाई गई। इन अपराधियों ने विशेष रूप से संकल्प लिया कि वे भविष्य में किसी भी महिला के साथ किसी भी प्रकार का अपराध नहीं करेंगे। यह अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जनपद के सभी थानों में चलाया गया। सीओ प्रखर पांडेय ने जानकारी दी कि आगामी त्योहारों और ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान इन सभी अपराधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इस अभियान को क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो अभियान के तहत 15 नमूने भरे

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बांसी,बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** जनपद मे दीपावली से पहले मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के आयुक्त और जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-कक के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न बाजारों से कुल 15 नमूने संग्रहित किए। बांसी से खोवा और दूध का एक-एक नमूना लिया गया। अलीगढ़वा बाजार से सरसों का तेल, बादाम, बूंदी लड्डू और बर्फी के नमूने लिए गए।बर्डपुर बाजार से पनीर और सरसों तेल का एक-एक नमूना लिया गया, जबकि 30 किलोग्राम सरसों तेल मानक के अनुरूप न पाए जाने पर जब्त कर लिया गया।सकारपार बांसी से दूध और बर्फी, पकड़ी से खोवा, सनई चौराहा से पेड़ा और बर्फी, तथा नौगढ़ बाजार से दो छेना मिठाई के नमूने भी लिए गए।

इन सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।जांच रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील' द्वारा नौगढ़ बाजार में खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिसमें दो छेना मिठाई मानक के अनुरूप नहीं पाई गईं। इनके नमूने लेने के बाद मौके पर ही 5 किलोग्राम छेना मिठाई नष्ट कर दी गई। कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने के लिए जागरूक भी किया गया।इस अभियान में सहायक आयुक्त (खाद्य)-कक आर एल यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी, जय प्रकाश और रंजन कुमार श्रीवास्तव शामिल थे।

## महिला का चेन व कनफूल लेकर भागे, तलाश में जुटी पुलिस

**मिजार्मुराद।** कछवांरोड चौराहे स्थित पुलिस बूथ के पास सब्जी मंडी में सब्जी लेने आई मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के कनकसराय निवासिनी महिला पृथ्वी देवी का दो लोग सोने का चेन व कनफूल निकालकर भाग निकले।घटना बीते शुक्रवार सुबह की बताई गई।डरी सहमी महिला सब्जी लेकर घर चली गई।शहर में रहकर जॉब कर रहे अपने पुत्र करन मौर्या को शनिवार को घर आने पर घटना की जानकारी देते हुए बताई की शुक्रवार को जब मंडी से सब्जी खरीद कर कछवांरोड पुलिस बूथ के समीप दो युवक रोके जिसे पहचान नही रही थी एक आदमी अपने हाथ में कुछ मल रहा था उसमे से कुछ गंध निकला जिसके बाद सर घूमने लगा उसके बाद कब दोनो बदमाश गले से चेन व कान से कनफूल निकाल लिए जब तक समझ पाती दोनो आगे जा कर बाइक से कछवा बाजार मिजार्पुर की तरफ भाग निकले। महिला का पुत्र रविवार की देर शाम कछवांरोड पुलिस चौकी पहुंच घटना की सूचना दिया।

## ब्रेथ ईजी द्वारा एलर्जी एवं इम्यूनोथेरेपी पर चिकित्सकीय सेमिनार का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल द्वारा होटल रमाडा रामनगर में एक दिवसीय चिकित्सकीय सेमिनार का आयोजन किया गया` इस सेमिनार में श्वसन रोगों,एलर्जी एवं इम्यूनोथेरेपी के नवीनतम उपचारों पर गहन चर्चा की गई` सेमिनार के मुख्य वक्ता ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वांस एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ एस.के.पाठक रहे जिन्होंने एलर्जी के कारणों, निदान एवं इम्यूनोथेरेपी की प्रभावशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि इम्यूनोथेरेपी वैक्सीन द्वारा आधुनिक चिकित्सा पद्धतियाँ से एलर्जी रोग से पीड़ित रोगियों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर स्थाई ईलाज संभव है इन्होने बताया कि बार बार सर्दी जुकाम, अस्थमा का कारण बन सकता है समय रहते यदि एलर्जी का सुचार रूप से इम्यूनोथेरेपी द्वारा ईलाज हो जाता है तो अस्थमा जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। इस अवसर पर रामनगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें शामिल थे डॉ ओ.पी.सिंह, डॉ विकास सिंह,डॉ ओम यति,डॉ यस बी सिंह,डॉ शिवा जी सिंह,डॉ संगीता,डॉ स्वेता पांडेय और डॉ कुलदीप कुमार शामिल थे` सेमिनार का उद्देश्य स्थानीय चिकित्सकों को एलर्जी एवं इम्यूनोथेरेपी के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी प्रदान करना था जिससे वे अपने रोगियों को और अधिक प्रभावी उपचार दे सके।

## दो दिवसीय फर्स्ट राष्ट्रीय रिंग टेनिस रेफरी क्लिनिक का समापन



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** दो दिवसीय राष्ट्रीय रिंग टेनिस रेफरी क्लिनिक का समापन वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गयो समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर वाराणसी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष अमित पांडे रहे इन्होंने प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया इससे पूर्व रिंग टेनिस फेडरेशनऑफ इंडिया के सचिव के.आर.बी.श्याम सुंदर ने प्रतिभागियों को सुबह के सत्र में मौखिक एवं प्रयोगात्मक खेल की जानकारी दी इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने रेफरी की लिखित परीक्षा दी परीक्षा पास करने वाले प्रतिभागियों को प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए राष्ट्रीय जूनियर नेशनल रिंग टेनिस चैम्पियनशिप जो की गुजरात में नवम्बर माह में आयोजित की जाएंगी वहां पर बुलाया जाएगा ।क्लिनिक में देशभर के लगभग 65 रेफरी ने भाग लिया, जिनमें तमिलनाडु,तेलंगाना,राजस्थान,उड़ीसा,बिहार,महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी सम्मिलित हैं कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार मिश्रा ने किया । कार्यक्रम के अंत मे मनीषा रानी महासचिव उत्तर प्रदेश रिंग टेनिस असोसिएशन ने आए हुए प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रकट किया।

# मिशन शक्ति अभियान : ग्राम पंचायत ढलना में चौपाल का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया



**नरसेना।** महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रशासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा सके। जिसके क्रम में पुलिस विभाग के द्वारा लगातार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को प्रशासन के द्वारा मुहैया कराए जाने वाली विभिन्न तरह की सहायता एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है

जिसके क्रम में विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढलना में पंचायत घर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस विभाग के द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ हो रहे अपराधों, जिनमें छेड़छाड़ एवं शोषण दुष्कर्म घरेलू हिंसा अपहरण जैसे अपराधों की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रभार उपनिरीक्षक सक्षम ठाकुर उपनिरीक्षक संतोष रावत उपनिरीक्षक आसिफ राजा महिला उपनिरीक्षक हेमा सोलंकी के नेतृत्व में गाँव ढलना में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं तथा बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें अपने अधिकारों हेतु लड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पीड़ित महिलाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बनाए गए वन स्टॉप सेंटर के बारे संदर्भ में जानकारी दी गई।

# पुलिस ने जोड़े टूटे रिश्ते, नौ दंपति को एक साथ मिलाया

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति अभियान' के तहत महिला थाना पुलिस ने पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाकर उन्हें फिर से साथ ला दिया। महिला थाना ने रविवार को मिशन शक्ति केंद्र के तहत एक विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया। इसमें 9 परिवारों के बीच चल रहे वैवाहिक विवादों को सुलझाकर उन्हें फिर से एकजुट किया गया।यह पहल पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सोरयान के पर्यवेक्षण में की गई। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडे ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के साथ-साथ पारिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझाने पर भी केंद्रित है। रविवार के सत्र में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए 9 ऐसे दंपतियों की काउंसलिंग की गई, जिनके रिश्ते तलाक तक पहुंच चुके थे।

लंबी काउंसलिंग के दौरान थाना प्रभारी और उनकी टीम ने दोनों पक्षों को शांति, समझदारी और विश्वास के साथ रहने की सलाह दी। कई दौर की बातचीत के बाद सभी जोड़ों ने एक-दूसरे को माफ कर नया जीवन साथ शुरू करने का निर्णय लिया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद की उपस्थिति में सभी दंपतियों को आशीर्वाद देकर एक साथ विदा किया गया। काउंसलिंग टीम में महिला आरक्षी नेहा सिंह, प्रियंबदा सिंह, संगीता गौतम और प्रगति राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एकजुट किए गए जोड़ों में रूपा पत्नी अवधेश (रामप्रसाद नगर, सिद्धार्थनगर), अंजली पत्नी विरेंद्र (बनरही, शोहरतगढ़), ज्योति पत्नी संजय (कुशभौना, सिद्धार्थनगर), जयदेवी पत्नी राजू (सिरसिरिया, शोहरतगढ़), प्रियंका पत्नी पिंटू (डेगहा जोत कस्तूरी, इटवा), वंदना पत्नी रामसुमिरन (खुरनजोत, बांसी), अंगीता पत्नी दिनेश (महनगा, सिद्धार्थनगर), वैजयंती पत्नी संदीप (तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर) तथा सुनीता पत्नी बृजलाल (रसूलपुर, मोहाना) शामिल हैं।

# दिव्यांग सम्मान समारोह आयोजित कपूरा जगदीश मेमोरियल ट्रस्ट ने किया सम्मान, उपहार भी बांटे

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद क्षेत्र के मुबारकपुर (बेनीपुर) स्थित कस्तूरबा सेवा समिति के प्रांगण में रविवार को सामाजिक संस्था कपूरा जगदीश मेमोरियल ट्रस्ट ने एक दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बेनीपुर, करधना, पूरे, ठठरा, छतेरी सहित विभिन्न गांवों से सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को दया नहीं, बल्कि प्यार और सम्मान की आवश्यकता है। वहीं, तहसील बार एसोसिएशन वाराणसी के आयकर अधिवक्ता संजय कुमार आर्या ने



दिव्यांगजनों को शिक्षित, स्वावलंबी बनकर स्वाभिमान से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांगजनों को उपहार स्वरूप थाली, कटोरी, टिफिन, गिलास और चम्मच सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। करुणा फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद कुमार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन और सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपहार प्राप्त करने वाले दिव्यांगों में राजकुमार गुप्ता, वीरेंद्र, कमला पटेल, शिवम पाल, रिंका प्रजापति, शांता बिंद, सुरेंद्र, किशन, लक्की, सचिन, अलिसबा, सुलेखा, आयुष और रोहन सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। इस अवसर पर राकेश शर्मा, नीलकमल विश्वकर्मा, आदित्य, कौशल, प्रदीप, दिनेश, अनिल, पूजा, शिवकुमारी, उर्मिला पटेल और डॉ. आर.पी. वर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्वावलंबी महिला व्यापार संगठन द्वारा 'दीपोत्सव एवं डांडिया रास समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी ।** स्वावलंबी महिला व्यापार संगठन द्वारा 'दीपोत्सव एवं डांडिया रास' समारोह सिद्ध गिरी बाग स्थित होटल 'हरी विलास एंक्लेव' में किया गया आयोजन` कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डॉक्टर मीनू पाठक (प्रोफेसर व हेड ऑफ इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक (सितार) बसंत कन्या महाविद्यालय वाराणसी ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया` कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापिका / अध्यक्ष डॉक्टर सरिता त्रिपाठी व संचालन सविता चौरसिया,ऋचा पाठक तथा धन्यवाद नीति भटनागर ने किया ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मांडवी,साम्भवी,श्रुति,अनुकृति, विआख्या,नैनसी ने गणेश वंदना पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने गरबा नृत्य,गीत की अद्भुत प्रस्तुति की डाक्टर ममता टंडन ने कत्थक नृत्य कर समारोह में चार चांद लगाया साथ ही रामा तिवारी ने आजा नचले,मधु ने अठ्ठारह बरस की,ऋचा ने फेरो ना नजर से,सविता ने थोड़ा सा पगला, जान्हवी ने करके इशारे बुला गई, नीतू ने मोरनी बागों में,सविता मल्होत्रा ने तुमको पिया दिल दिया,सोनम ने हाय रे मेरा घाघरा,रितु मिश्रा ने राधा कैसे न जले,प्रस्तुति कर कार्यक्रम को यादगार बनाया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाक्टर अंशु सिंह, रजनी शर्मा,



ज्योत्सना, वीणा, अंजलि, रेखा, विनीता, रचना, वंदना, बीना, डॉ० शीला, डॉ० राखी,डॉ० नीलम, रश्मि,मंजू, सविता, प्रीति, अर्चना, डॉ० संगीता, चिंता, कंचन, गोदावरी,शशि, अलका, सीमा, सुमन, सुनीता, हेमलता, रुबीना, निधि, प्रियांशु, जूली, कुसुम, सोनी, पूनम, तनु, अंजना,रागिनी, साधना,तारा सुषमा, मधुलिका, मीनाक्षी इत्यादि बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

# सपा ने मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती, 4 लोगों ने ग्रहण की सपा सदस्यता

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में समाजवादी प्रखर वक्ता, युग पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्य तिथि मनाई गई इस दौरान सभी पार्टी कार्यकताओं ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया। संचालन पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट ने किया। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि डॉक्टर राममनोहर लोहिया स्वतंत्रत सेनानी, हिंदी के प्रबल समर्थक, संघर्ष शील, प्रखर वक्ता, समाजवादी चिंतक थे !

उन्होंने सप्त क्रांति की आवाज को बुलंद किया, गोवामुक्ति आंदोलन में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई। धर्म, जाति - पाति, लिंग के आधार पर भेदभाव करने वालों का विरोध किया। आर्थिक समानता, नर - नारी में समानता, छोटे छोटे लघु उद्योग की स्थापना, चौखंबा राज्य की स्थापना के महानायक कहलाए। गांव से शहर तक सहर से जिले तक, जिले से प्रांत तक प्रांत से देश तक हर नीति को लागू करने पर जोर दिया ताकि हर व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक समानता दिलाई जा सके ताकि सत्ता के केंद्रीय करण में कुछ चंद लोगो को लाभान्वित होने से रोक जा सके। हिंदी के प्रबल समर्थक थे। उन्हें हिंदी अंग्रेजी और जर्मनी भाषा का विशेष ज्ञान था।

समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह ने बागडोर संभालने का कार्य किया और विजय कुमार वर्मा, मुकेश कुमार प्रजापति, आकाश कुमार एवं अंकित एडवोकेट ने समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कल्याणकारी जनहित की योजनाओं से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी में अपनी आस्था दिखाते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।सभी युवा टीम का जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर स्वागत किया। मुकेश कुमार ने कहा कि बसपा को छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। क्योंकि बसपा भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रही है जबकि भाजपा दलित विरोधी मुस्लिम विरोधी एवं पिछड़ा वर्ग विरोधी पार्टी है तथा सामंतवादी सोच को आगे बढ़ा रही है।

## डेविड की हत्या का 08 घन्टे में सफल अनावरण, घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** रविवार को थाना अनूपशहर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला भोपतपुर में खेत में 01 व्यक्ति का शव पडा मिला था जिसकी शिनाख्त डेविड पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नगला भोपतपुर थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई थी। घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वाट टीम एवं थाना अनूपशहर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी थी। मृतक के पिता ओमप्रकाश पुत्र मंगल सिंह की तहरीर के आधार पर थाना अनूपशहर पर मुअसं-392/25 धारा 103(1)/238 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के क्रम में जांच/विवेचनात्मक कार्यवाही में स्वाट टीम देहात व थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैं। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना अनूपशहर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

# गदा सम्राट जोखू पहलवान ने 55 किलो बजनी गदा को एक हाथ से 20 बार फेर कर प्राप्त किया पहला स्थान

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद।** बेनीपुर गांव स्थित गंगा नहर के किनारे रविवार को अपराह्न में आयोजित विशाल जोड़ी गदा दंगल प्रतियोगिता में मिजार्पुर, चंदौली, बनारस इत्यादि जिला के विभिन्न अखाड़ों के पहलवानों ने भाग लिया। इस जोड़ी गदा दंगल प्रतियोगिता में सबलपुर अखाड़े के 65 वर्षीय गदा सम्राट जोखू पहलवान ने 55 किलो वजन की गदा को एक हाथ से 20 हाथ फेर कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सबलपुर अखाड़े के ही सुरेंद्र पहलवान ने 55 किलो वजन की गदा को दोनों हाथ से 35 बार फेर कर दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा उक्त गदा को बेनीपुर अखाड़े के पंडित मोहित पहलवान ने 20 हाथ फेर कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जोड़ी प्रतियोगिता में नागेपुर अखाड़ा के पहलवान संजय पटेल ने 30 किलो वजन की जोड़ी को दोनों हाथ से 11 हाथ फेर कर प्रथम स्थान पर तथा बनारस के फिदा हुसैन अखाड़े के पहलवान हाफिक ने उक्त जोड़ी को 6 हाथ फेर कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ-साथ गदा प्रतियोगिता में महिला पहलवानों ने भी भाग लिया जो आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री शालिनी यादव तथा समाजसेवी मोहम्मद अकरम ने संयुक्त रूप से विजेता पहलवानों को माला पहनाकर उनको मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दौरान ग्राम प्रधान उमेश पटेल, सभाजीत यादव, पहलवान विनय यादव, नंदू पहलवान, डॉक्टर दीनानाथ, बसंत लाल यादव, बुद्ध पहलवान, मुरारी यादव, प्रदीप पाल, शमशेर राजभर, जयराम यादव, फौदार भगत, संजय राजभर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की संगठन को मजबूत

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के जहीर मंसूरी के यहां मीटिंग का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चौधरी जन्म सिंह ने की और संचालन नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने किया और किसान मजदूर के काम करने पर जोर दिया मीटिंग में उपस्थित रहे जिला महासचिव ममता शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष कुमुद शर्मा चौधरी जन्म सिंह विनोद शर्मा चौधरी पुष्पेंद्र नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी नगर उपाध्यक्ष युसूफ नगर प्रवक्ता नगर सचिव अनु मलिक नगर उपाध्यक्ष सीयालम चौधरी नगर उपाध्यक्ष आमिर भाई नगर सचिव दानिश सिद्दीकी वार्ड अध्यक्ष दानिश अल्वी संगठन मंत्री आरिफ भाई नगर सचिव आहाद नगर उपाध्यक्ष नौशाद उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने 110 किलो रसगुल्ले व 10 किलो पनीर को नष्ट करा भरे खोए व पनीर के नमूने

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगातार ऐसे मिठाई बनाने वाले संचालकों पर कार्रवाई कर रही है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानि पहुंचा रहे हैं इसी क्रम में रविवार को आगामी त्यौहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अर्जुन नगर में रसगुल्ला निर्माण करने वाले कारखाने पर छापामार कार्रवाई की। जहां से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रसगुल्ले का नमूना भरा और मिठाई बनाने वाले स्थान पर साफ सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने कारखाने में करीब 110 किलो रसगुल्ले को नष्ट कराया है जिन पर मक्खियां बैठी मिली थी जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक था साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने कारखाने के मालिक को नोटिस भी जारी किया है।

वहीं पिलखुवा में भी खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने अजंता पनीर भंडार पर छापामार कार्रवाई करते हुए एक खोए, एक पनीर का नमूना लिया और दुकान के साथ साथ डीप फ्रीजर की साफ सफाई के निर्देश दिए साथ ही गंदे डीप फ्रीजर में रखे 10 किलो पनीर को नष्ट कराया गया।

# दिल दहलाते हुए सड़क पर मृत पड़े दो गौ वंशों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**





**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर से दिल दहलाने वाली तस्वीरें आई सामने आई है जहां सड़क पर मृत पड़े दो गौ वंशों की दुर्दशा देख स्थानीय लोगों ने वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका क्षेत्र के नाजिम कॉलोनी के सामने की बताई गई। जो तेजी से वायरल हो गई। सड़क पर मृत पड़े दो गौ वंशों की दुर्दशा का दृश्य देखकर स्थानीय लोगों ने गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी जब घटना स्थल पर जब अधिकारी नहीं पहुंचे तो लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया।

लोगों का कहना है कि जहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा गौ-संरक्षण पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो वहीं गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका कर्मचारी की लापरवाही से आए दी गौ वंशों की दुर्दशा थमने का नाम नहीं ले रही। वहीं सड़क पर मृत पड़े दो गो वंशों की जानकारी जब मीडिया द्वारा राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष मोहित चौधरी को दी गई। तो जिला अध्यक्ष ने सूचना गढ़मुक्तेश्वर निवासी जिला महामंत्री प्रदीप रावत को दी।

सूचना प्राप्त होते ही जिला महामंत्री प्रदीप रावत व जिला प्रवक्ता संजय यादव व कार्यकर्ता अमित आदि मौके पर पहुंचे और सड़क पर मर्द पड़े गौ वंशों की घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना देने के बाद पहुंची पुलिस की मौजूद की में राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिला महामंत्री ने अपने निजी खर्चे से वाहन को बुलाकर सड़क पर मृत पड़े दो गौ वंशों को वहां से वाहन मे लें जाकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया। जो हर समय गौ वंशों की सेवा में लगे रहते हैं।

अंतिम संस्कार करवाने वालों में जिला महामंत्री प्रदीप रावत, जिला प्रवक्ता संजय यादव, अमित, चिंटू, वंश व निशांत बजरंगी आदि गौ सेवाक मौजूद रहे। बड़ा सवाल वीडियो को देखकर लोग गौ रक्षा समितियों पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसे हालात में उनकी जिम्मेदारी कहां है।

## सड़क में बने गड्ढे राहगीरों की जान के बने दुश्मन समाजसेवी ने की एसडीएम से शिकायत

**बुलंदशहर।** कोऑर्डिनेटर कांग्रेस व मंडल अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली तोली जिरौली संपर्क मार्ग में हुए जानलेवा गड्ढे की सड़क विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बाद स्कूल वाहनो व बाईक से हो रहे आए दिन हादसों के चलते किया जोरदार प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी से की शिकायत बुलंदशहर रविवार को दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली तोली जिरौली संपर्क मार्ग बुलंदशहर अनूपशहर व अलीगढ़ को आपस में जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के रोरा श्योरामपुर के मध्य हफ्ता भर से सड़क में हो रहे गड्ढे व सड़क के बैठ जाने की चार दिन पूर्व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क के ढस जाने से स्कूल वाहन व बाईक पर आने वाले राहगीरों के हो रहे हादसे को दृष्टिगत रखते हुए मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ व जिला कोऑर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव नें एसडीओ सत्येंद्र सिंह व जेई रामकुमार से शिकायत के बाद भी ना भरे जाने से रविवार की सुबह हुए बाइक फिसलने के हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान राय सिंह व मंडल अध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में एकत्रित होकर लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन किया।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के अभियोग में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर किया है। आपको बता दें थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के पटना मुरादपुर से एक पड़ोसी युवक तीन दिन पूर्व नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठ कर ले गया था। नाबालिक किशोरी के परिजनों ने गोरव नामक युवक पर बहला फुसलाकर कर भाग ले जाने का का आरोप लगा थाना हापुड़ देहात में शिकायत दर्ज कराई थी और शिकायत दर्ज कर कर समय रहते नाबालिक किशोरी को थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बरामद कर लड़की द्वारा दिए गए बयान के आधार पर थाना हापुड़ देहात पुलिस ने आरोपी गौरव के खिलाफ थाने में मु0अ0सं0 344/2025 धारा 137(2), 65(1), 115(2), 351(2) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था और थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता के निर्देश पर उप निरीक्षक राम कुमार व निकुल कुमार ने वांछित अपराधी गौरव को लोधीपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

# खेत में 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**बुलंदशहर।** अनूपशहर में खेत में 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से फैली सनसनी गांव नंगला भोपतपुर निवासी डेविड पुत्र ओमप्रकाश के रूप में मृतक की पहचान हुई है। मृतक की गर्दन पर हैं निशान, पाए गए परिजनों ने जताई हत्या की आशंका युवक बीती रात घर से निकला था, सुबह घर से 200 मीटर दूर खेत में मिला शव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज कर वैधानिक कार्रवाई में जुटी पुलिस है। यह घटना अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र के गांव भोपतपुर नंगला की है।

# नोहझील में भव्यता से निकली राम बारात



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/नौहझील।** क्षेत्र के गांव हसनपुर में भगवान श्री राम की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में भगवान गणेश, राम, लक्ष्मण, भरत और अन्य देवताओं की झांकियां पर लोगो ने जगह जगह पूजन कर बारात का स्वागत कर पुष्प वर्षा की।

गांव की मुख्य सड़कों पर बैंड और डीजे की धुनों पर लोग झूमते दिखाई दिए। नौहझील के गांव हसनपुर में हर वर्ष की भांति बैंड बाजे व डीजों के साथ बड़ी धूमधाम से राम बारात निकाली गई गांव में मिठाई व फल वितरण किए गए। भगवान राम की बारात देखने के लिए गांव सहित आस पास के गांव के राहगीर लोगों की भीड़ से घरों की छत व गलियां भरी पड़ी थी।

इस मौके पर पुष्पेंद्र फौजदार दिनेश चौधरी, कुल्ला चौधरी बब्बू चौधरी गोविंदा फौजदार, विजय डागुर, छोटू डीलर, मनोज कृष्णप्रेमी, संजय शर्मा जी फकीरा डागुर, हेमंत फौजदार, एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## किसोला में बंदरों का आतंक कई लोगों को काटा

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव किसोला में बंदरों का इतना आतंक है कि एक हफ्ते के अंदर आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया हैं।किसोला निवासी शेखर त्यागी ने बताया कि मेरी पत्नी छत पर कपडे सुखाने गई थी कि तभी एक बंदर आया और बुरी तरह काटकर घायल कर दिया।तभी मुझे स्याना के सरकारी अस्पताल में लेकर जाना पडा। डाक्टरों ने कई घंटे तक इलाज किया।इसके बाद घर लेकर आया। उन्होंने यह भी बताया कि गांव के दस महिला पुरूषों को काटकर घायल किया हैं। घायलों में राकेश त्यागी प्रीति त्यागी रघुनाथ त्यागी नितिन त्यागी दीपा त्यागी ज्योति त्यागी राजेन्द्र त्यागी मोनू सोनू आदि को काटकर घायल कर दिया है। ग्रामीणों का कहना हैं कि वन विभाग इस ओर से लापरवाह बना हुआ हैं।अगर शीध्र बंदरों को ना पकडा गया जो गांव का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम बुलंदशहर से मिलकर इसके समाधान की गुहार लगायेगा।

# सपा ने मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती, युवाओं ने बसपा छोड़ थामा सपा का दामन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में समाजवादी प्रखर वक्ता, युग पुरुष डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्य तिथि मनाई गई इस दौरान सभी पार्टी कार्यकताओं ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया। संचालन पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट ने किया।

जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि डॉक्टर राममनोहर लोहिया स्वतंत्रत सेनानी, हिंदी के प्रबल समर्थक, संघर्ष शील, प्रखर वक्ता, समाजवादी चिंतक थे ! उन्होंने सप्त क्रांति की आवाज को बुलंद किया, गोवामुक्ति आंदोलन में महत्व पूर्ण भूमिका निभाई। धर्म, जाति - पाति, लिंग के आधार पर भेदभाव करने वालों का विरोध किया। आर्थिक समानता, नर - नारी में समानता, छोटे छोटे लघु उद्योग की स्थापना, चौखंबा राज्य की स्थापना के महानायक कहलाए। गांव से शहर तक सहर से जिले तक, जिले से प्रांत तक प्रांत से देश तक हर नीति को लागू करने पर जोर दिया ताकि हर व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक समानता दिलाई जा सके ताकि सत्ता के केंद्रीय करण में कुछ चंद लोगो को लाभान्वित होने से रोक जा सके। हिंदी के प्रबल समर्थक थे। उन्हें हिंदी अंग्रेजी और जर्मनी भाषा का विशेष ज्ञान था।समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह ने बागडोर संभालने का कार्य किया और युवा विजय कुमार, मुकेश कुमार, आकाश कुमार एवं अंकित एडवोकेट ने समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कल्याणकारी जनहित की योजनाओं से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी में अपनी आस्था दिखाते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।सभी युवा टीम का जिला अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओ ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# बकाया बिल वसूली करने गई विद्युत टीम से अभद्रता

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/कोसीकलां।** विद्युत बिल बकाया की वसूली करने गई विद्युत विभाग की टीम ने मंडी समिति एवं सुपर मार्केट परिसर में चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्वीकृत 14 किलोवाट से अधिक लोड मिलने पर उसे बढ़ाकर 18 किलोवाट कर दिया वहीं केबल में कट लगाकर एवं कटिया डालकर चोरी करने वालें 6 लोगों को भी पकडा। इसी दौरान एक उपभोक्ता ने टीम से अभद्रता कर दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस के सहयोग से उपभोक्ता का कनैक्शन काट दिया गया।

शनिवार को अधिशासी अभियंता एसपी सिंह के निर्देशन में एसडीओ मनीष कुमार सिंह, जेई अनूप गौड की टीम ने मंडी समिति एवं सुपर मार्केट परिसर आदि विभिन्न स्थानों पर बकाया बिल बसूली एंव चैकिंग अभियान चलाया। मजे की बात यह रही कि मंडी में लाइसेंस धारक 300 लोग हैं यानि मंडी में 300 आढत है, लेकिन विद्युत कनैक्शन सिर्फ और सिर्फ 120, फिर उनकी लाइट कैसे जल रही थी। जेई ने बताया कि अवैध कटिया डालकर विद्युत चोरी करते आधा दर्जन लोगों को पकडा है।

वहीं उन्होने बताया कि जब टीम बस स्टैंड पर पहुंची तो बकाएदार सुरेश से 26178/-रुपए जमा कराने को कहा गया। जमा नही करने पर टीम केबल को पोल से उतारने लगी। आरोप है कि दुकानदार सुरेश ने टीम के साथ अभ्रदता की। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में आरोपी का कनैक्षन काट दिया गया। वहीं जेई अनूप गौड ने बताया कि मंडी समिति और फल मंडी में 300 से अधिक लाइसेंस धारक है, जबकि कनैक्षन की संख्या करीब 120 है।

मंडी समिति कार्यालय में लगे कनैक्षन में एक मीटर खराब मिला तो दूसरे पर स्वीकृत 14 किलोवाट से अधिक का भार मिला था, जिसे बढा दिया गया है। अभियान के अंतर्गत 45 कनैक्षन काटकर 3 लाख रुपए की वसूली की गई है।

अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम में एसडीओ मीटर शैलेंद्र सिंह, जेई मीटर दिनेश पहाडी, जेई कोटवन राहुल साहू, जेई कोसी देहात रोहित वर्मा, सहित करीब एक दर्जन कर्मचारी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक चालक परिचालक की मौत

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/कोसीकलां।** मथुरा दिल्ली हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिस कारण ट्रक के चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मथुरा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने दोनों के शब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार की तड़के एक ट्रक मथुरा से दिल्ली की ओर जा रहा था जैसे ही ट्रक कोसी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा, इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलट जाने से हाईवे पर घंटो जाम लग गया। राहगीरों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के चालक हरेन्द्र यादव पुत्र हरीचरन निवासी ललितपुर (26) परिचालक प्रमोद निवासी सागर मध्य प्रदेश (22) को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया तब कहीं जाकर यातायात सुचारू हो सका। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# मुजफ्फरनगर में किसान कांग्रेस की रैली में जा रहे कोंग्रेसियों को किया नजरबंद



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडे एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के द्वारा 12 अक्टूबर को किसानो को खाद बीज प्रदेश सरकार द्वारा मुहैया न कराने को लेकर तथा किसानों के साथ जगह जगह अभद्रता किये जाने, किसानों को फसल का वाजिब मूल्य न मिलने को लेकर मुजफ्फरनगर में किसान कांग्रेस की रैली को बुलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमवीर तोमर, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माननीय खलिल नम्बरदार किसान कांग्रेस के पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी व पूर्व जिला अध्यक्ष मथुरा व अलीगढ़ के कार्डिनेटर भगवान सिंह वर्मा उक्त रैली में शिरकत करेंगे। मथुरा किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत 100 से अधिक अपने किसान समर्थको व वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ बस द्वारा मुजफ्फरनगर के प्रस्थान करने जा रहे थे तभी स्थानीय प्रशासन के द्वारा ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत व उनके साथ जा रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं व किसान कांग्रेस के कार्यकताओं को रोक लिया तथा हाऊस अरेस्ट कर लिया ।

# नॉन वेज पकाए जाने पर सदर धर्मपुरी में हंगामा

वेलकम इंडिया उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** सदर के धर्मपुरी इलाके में रास्ता अवरुद्ध करने को लेकर रविवार को दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि कुछ मुस्लिम परिवारों ने रास्ता अवरूद्ध कर दिया। जिसकी वजह से उस ओर से आने जाने वालों को असुविधा हो रही थी, जब इसको लेकर विरोध किया तो वहां पर कहासुनी शुरू हो गयी औरा नौबत मारपीट तक आ पहुंची। हंगामे की सूचना पर वहां पुलिस पहुंच गयी। लोगों ने बताया कि मुस्लिम परिवार रास्ता अवरूद्ध कर वहां किसी आयोजन को लेकर नॉन वेज बनवा रहे थे। लोगों ने आरोप लगाया कि बगैर अनुमति की आम रास्ता बंद कर दिया। जब इसका विरोध किया तो फारूख आदि झगड़ा करने पर उतर आए। वहीं दूसरी ओर हिंदू परिवार के लोगों ने बताया कि उनके घरों के सामने टेंट लगा दिए गए। इससे घर में आने जाने का रास्ता बंद हो गया। टेंट ठेकेदार से नॉन वेज का सामान लेकर एकांत स्थान पर जाने को कहा तो वह नहीं गया और वहीं पर खाना बनाने की बात पर अड़ गया।

इस बीच वहां पर गुरु गोरक्षनाथ सेवक गौरव नाथ व अन्य सेवकों आ गए। उन्होंने हिन्दू बाहुल्य इलाके में नॉनवेज बनाने को गलत बताया। हंगामे की सूचना पर वहां सदर पुलिस व हिंदू रक्षक नेता व महामंडलेश्वर महेन्द्र दास भी पहुंचे वहीं सदर सब इंस्पेक्टर बलबीर सिंह ने बताया फारूक व अन्य को कहा है इस आयोजन में मांसाहार का कार्यक्रम सार्वजनिक स्थल पर ना करें। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के लोगों ने मामला शांत करा दिया।

## नलकूप की छत पर मिली बॉडी की हुई पहचान, पसवाड़ा के सोहित मलिक के रूप में हुई

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र में नौ अक्टूबर को खेत में बने नलकूप की छत पर मिली युवक की लाश की रविवार को पहचान हो गई। मृतक की पहचान परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पसवाड़ा निवासी सोहित मलिक (23 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की।परिजनों के अनुसार, सोहित 28 अगस्त को घर से नौकरी की तलाश के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लगा, तो परिवार ने थाना परीक्षितगढ़ में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।रविवार को परिजनों ने मीडिया के जरिए किठौर क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने की खबर देखी। इसके बाद मोहित मलिक, जो मृतक का भाई है, परिजनों के साथ मोर्चरी पहुंचा, जहां शव की पहचान सोहित के रूप में की गई।परिजनों ने आरोप लगाया कि किठौर क्षेत्र का एक युवक सोहित को घर से बुलाकर ले गया था, जिसके बाद वह लापता हो गया। परिवार ने युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा ने धोखा और निषाद पार्टी ने रायकवार समाज को गुमराह किया : महेश कश्यप

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** प्रदेश में निषाद पार्टी को पहचान दिलाने वाली समाजवादी पार्टी को को धोखा दिया निषाद पार्टी के नेता ने और समाज के लोगों को भी आरक्षण के नाम पर भारतीय जनता पार्टी से केवल अपने परिवार का भला किया. और लगातार 2017, 2019 2022, 2024 में समाज के लोगों को आगे रखकर आरक्षण की बात को दबाकर भोले भाले समाज को गुमराह किया वहीं भारतीय जनता पार्टी जो आरक्षण की बात करती थी निषाद समाज की केंद्र व राज्य में सरकार होने के बावजूद आज उन्हें मछुआ रायकवार, निषाद, केवट समाज की सूद और चिंता करने वाला नहीं है लेकिन हमें पूरा भरोसा है जीस तरीके से 2024 के लोकसभा चुनाव में रायकवार निषाद समाज पीडीए के साथ जुड़कर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान किया व सहयोग किया इस तरह से आने वाले 2027 में रायकवार समाज पीडीए के साथ जुड़कर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में हम सहयोग प्रदान करेगा क्योंकि इस समाज को अगर कभी किसी को पहले बार भी चिंता हुई थी तो वह श्रद्धा स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव थे जिन्होंने 2004 की सरकार में 2017 आरक्षण देकर मुख्य धारा से जोड़ने का काम लेकिन 2007 की बसपा सरकार ने उनके द्वारा उसे आरक्षण पर रोक लगाई 2012 की सरकार में अखिलेश यादव जी ने भी आरक्षण के मुद्दे पर मोहर लगाई और केंद्र सरकार को भेजा लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने निषाद समाज का वोट लिया कभी उनको हक और सम्मान नहीं दिया बुंदेलखंड में पीडीए जनसंवाद यात्रा के दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोगों के बीच में जाकर उन्हें जागरूक कर 2027 में समाजवादी पार्टी के साथ जुड़कर सरकार बनाने का आव्हान किया।

## डीआईजी के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार की बड़ी सफलता



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** डीआईजी मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मेरठ रेंज पुलिस ने 24 घंटे में 7858 अपराधियों का सत्यापन किया। मेरठ में 1781, बुलंदशहर में 2697, बागपत में 1443 और हापुड़ में 1937 अपराधियों की तस्दीक की गई।अभियान में पिछले 10 वर्षों के बाल अपराधों में लिप्त रहे अपराधियों की भी जांच की गई। डीआईजी नैथानी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पुराने अपराधियों की प्रोफाइलिंग कर उनके पुनः आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की संभावना पर रोक लगाना है।उन्होंने टीमों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की सतर्कता और टीमवर्क से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। ऑपरेशन प्रहार ने एक बार फिर साबित किया कि मेरठ रेंज पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख में है और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## एप्लॉम्ब हेल्थ केयर द्वारा भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन



**वाराणसी।** एप्लॉम्ब हेल्थ केयर परिवार द्वारा 12 अक्टूबर रविवार को रथयात्रा स्थित दाऊ जी उपवन में भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लियो पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा और डांडिया नृत्य के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया और सांस्कृतिक एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्कर मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, एप्लॉम्ब हेल्थ केयर एवं ईशा मिश्रा रहीं उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलम वाई गांधी, संगीता रॉय, सुषमा देव वर्मा और अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहें इस अवसर पर पुष्कर मिश्रा ने कहा कि एप्लॉम्ब परिवार का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना तथा उनको उनके व्यक्तिगत एवं आर्थिक स्तर को ऊँचा उठाना है। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक संगीत, नृत्य और सामूहिक फोटो से हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उल्लासपूर्वक भाग लिया।

## दिव्य बीकानेर स्वीट्स का समाजसेवी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शिकारपुर।** नगर स्थित जहांगीराबाद चुंगी पर रविवार को दिव्य बीकानेर स्वीट्स का समाजसेवी शिवकुमार शर्मा उर्फ सीटू शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर शुभारंभ किया।इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया दिव्य बीकानेर स्वीट्स पर शुद्ध देसी घी से निर्मित मिठाइयां मिलती हैं। और यहां पर ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर ,की भी व्यवस्था है। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल का प्रथम सोलर पैनल निर्माता कम्पनी मातृश्री को सोलर पैनल के लिए निर्धारित अप्रूव्ड लिस्ट ऑफ माड्यूल मैन्यूपफेक्चर में किया शामिल


वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** नदेसर स्थित मातृश्री टेक्नो इण्डस्ट्रीज के मुख्य कार्यालय में किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन प्रबंध निदेशक प्रशांत गुप्ता एवं निदेशक राजीव गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में मिडिया सँग की वार्ता कम्पनी के प्रबंध निदेशक प्रशांत गुप्ता के द्वारा बताया गया कि पूर्वाचल के प्रथम सोलर पैनल निमार्ता कम्पनी मातृश्री को भारत सरकार के नवीन नवीनीकरण उर्जा मंत्रालय (एमएनआरइ) द्वारा भारत में निर्मित सोलर पैनल के लिए निर्धारित अप्रूव्ड लिस्ट ऑफ माड्यूल मैन्यूपफेक्कर में (एएलएमएम) में शामिल किया गया है जिसे डीसीआर सोलर पैनल के नाम से जाना जाता है डीसीआर सोलर पैनल भारत में निर्मित सोलर सेल से बनाए जाते है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्षय उर्जा कान्ति को बढ़ावा देने के लिए सोलर सिस्टम लगाने पर सब्सिडी की घोषणा पिछले वर्ष की ये हमारे वाराणसी के लिये बहुत ही गर्व की बात है कि मातृश्री टेक्नों इण्डस्ट्रीज विगत 22 वर्षों से सौर उर्जा के क्षेत्र में एक अग्रणी कम्पनी है जो कि ग्रीन सोलर के नाम से व्यापार जगत में अपनी एक गहरी पहचान बनाये हुये है अब डीसीआर सोलर पैनल बनारस में निर्मित हो रहे है जो कि भारत सरकार द्वारा बीआइएस प्रमाणित है और ग्रीन सोलर पैनल पर भी सोलर सब्सिडी 1,08,000 लागू होता है।

निदेशक राजीव गुप्ता ने घोषणा की जो उपभोक्ता ग्रीन सोलर पैनल को घरेलू सोलर सिस्टम में लगाते है तो उन्हें 10 प्रतिशत की विशेष छूट दो और तीन किलोवॉट पर दी जायेगी कम्पनी का मुख्य कार्यालय नदेसर स्थित वाराणसी में है साथ ही कारपोरेट आफिस दादरी नोयडा, ब्राच ऑफिस लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, इटावा, बरेली एवं अलीगढ़ में भी है हमारे सोलर पैनल हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं यूपी के समस्त क्षेत्रों में उपभोक्ता के लिए उपलब्ध है।

# धनिया की खेती से पाएं अधिक लाभः जानिए विशेषज्ञों की वैज्ञानिक सलाह

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के बागान, मसाले, औषधीय एवं सगंध पादप विभाग के वैज्ञानिक डॉ. उमेश पंकज औरं डॉ. विनोद कुमार ने किसानों को धनिया की खेती के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

विशेषज्ञों ने बताया कि मध्य अक्टूबर से मध्य नवम्बर तक धनिया की बोआई के लिए उपयुक्त समय है। धनिया एक ऐसी फसल है जो कम लागत में अधिक लाभ प्रदान करती है। इसका उपयोग मसाले, औषधि तथा हरी पत्तेदार सब्जी के रूप में किया जाता है, जिससे इसकी मांग पूरे वर्ष बनी रहती है।

उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड की जलवायु धनिया की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल है। इस क्षेत्र के लिए किसान भाई आरसीआर-41, अजमेर धनिया-1, अजमेर धनिया-2 तथा पंत हरितमा जैसी प्रमुख किस्मों का चयन करें।

बीज दरः बीज उत्पादन के लिए 10-15 किग्रा/हैक्टेयर, जबकि हरी पत्ती उत्पादन के लिए 20-25 किग्रा/हैक्टेयर बीज उपयुक्त रहता है। बुवाई से पहले बीजों को हल्के दबाव से दो भागों में तोड़कर ट्राइकोडर्मा या कार्बेन्डाजिम से उपचारित करना चाहिए।

बुवाई तकनीकः कतार से कतार की दूरी 30 सेमी और गहराई 2-3 सेमी उचित रहती है। खेत की तैयारी के समय गोबर की खाद के साथ नाइट्रोजन 40, फास्फोरस 25 और पोटाश 20 किग्रा/हैक्टेयर देना चाहिए। नाइट्रोजन की आधी मात्रा बुवाई के समय और शेष पहली सिंचाई के साथ दें।

यदि मिट्टी में नमीं की कमी हो तो किसान भाई पलेवा करने के बाद बुवाई करें, जिससे अच्छा अंकुरण प्राप्त होता है। अंकुरण के बाद हल्की सिंचाई करें और ठंड के मौसम में हर 20-25 दिन पर सिंचाई करते रहें। ध्यान रखें कि खेत में पानी का जमाव न हो, अन्यथा जड़ सड़न की समस्या हो सकती है।

विशेषज्ञों ने बताया कि उचित प्रबंधन और समय पर सिंचाई से किसान भाई धनिया की दो बार हरी पत्तियों की कटाई कर 80-85 कुन्तल/हैक्टेयर तथा दाने की 12-15 कुन्तल/हैक्टेयर उपज लेकर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

## साधू बाबा ने गाली गलौज अभद्रता जान मारने का लगाया आरोप पुलिस को दी तहरीर

**रामघाट/बुलंदशहर।** जरगवां में साधु पर जान से मारने की नीयत से गाली गलौज देते हुए धारदार वस्तु से हमला कर अपमानित किया गया है पीड़ित साधू ने रामघाट में रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु तहरीर दे दी है पुलिस जांच में जुटी है। आपको बता दें थाना रामघाट क्षेत्र के जरगवां निवासी 80 वर्षीय साधू महाराज रामसेवक शर्मा जरगवां ने रामघाट थाना प्रभारी को दी गई शिकायती पत्र में कहा कि मैं तावें का लोटा रतिराम यादव की दुकान से खरीद कर वापस अपने निजी आश्रम को जा रहा था तभी रास्ते में राजेश पुत्र शिव सिंह यादव जरगवां निवासी ने मुझे आवाज देकर रोका और गाली गलौज देते हुए कई बार धारदार वस्तु से प्रहार किया जो मैं अपने डंडे के सहयोग से बच गया मैंने शोर मचाया तो वहां पर ग्रामीण एकत्र हो गए तो राजेश यादव मुझको गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

## वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री' द्वारा नेपाल नीतियां एवं चुनौतियां विषयक ऑनलाइन व्याख्यान का किया आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री द्वारा वैश्विक राजनीतिक उथल-पुथल से उभरती हुई चुनौतियों को दृष्टिगत करते हुए 12 अक्टूबर रविवार को नेपाल नीतियां एवं चुनौतियां विषयक एक दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर डॉ.विजय सागर धीमान, सैन्य मामलों के विशेषज्ञ एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ जम्मू-कश्मीर स्टडीज एंड एनालिसिस के प्रबंध निदेशक थे मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में ऐतिहासिक आधार रखते हुए कहा कि अपने भौगोलिक वैभव और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद नेपाल का राजनीतिक इतिहास लगातार अस्थिरता से गुजरता रहा है यहां लोकतंत्र की नींव रखने से लेकर राजतंत्र के पतन और फिर गणतंत्र की स्थापना तक की यात्रा उथल-पुथल से भरी रही है नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच राजनीतिक हालात पूरी तरह से बदल गई है सत्ता से लेकर विपक्षी नेताओं तक को निशाना बनाया है स्थिति ऐसी बन गई है कि नेपाल अस्थिरता के भंवर में फंसा हुआ नजर आ रहा है।

मुख्य वक्ता ने कहा कि नेपाल दशकों के सबसे गंभीर राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है सोशल मीडिया बैन के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व में शुरू हुआ आंदोलन पूरे देश में भ्रष्टाचार और मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के खिलाफ बगावत में बदल गया भ्रष्टाचार, क्रोनी कैपिटलिज्म और शोषणकारी राजनीति ने नेपाल के बड़े जनसमुदाय को निराश किया है खराब शासन, राजनीतिक अस्थिरता और नेताओं की पद लोलुपता से नेपाल के युवा क्षुब्ध थे नेपाल में छात्रों के विरोध प्रदर्शन और बांग्लादेश तथा श्रीलंका में हुए विरोधों में कई समानताएं रहीं जो युवाओं की सरकार से नाखुशी, प्रणालीगत शिकायतें और सुधार की मांगों जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित हैं वैश्विक स्तर पर देखें तो नेपाल में अमेरिका, चीन और पाकिस्तान अपनी महत्वकांक्षाओं सहित स्वार्थ पूर्ण हितों को साधने में लगे हुए है ऐसे में भारत को नेपाल के साथ अपने संबंधों को मैत्रीपूर्ण बनाने के लिए आर्थिक, सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक तालमेल के लिए संधि एवं शर्तों को पुनः जांच पड़ताल करने की आवश्यकता है उन्होंने समाधान के संदर्भ में कहा कि नेपाल को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ने के लिए बड़े कदम उठाने होंगे।

# दीपावली पर्व के दृष्टिगत खाद्य विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी मथुरा के आदेश के अनुपालन में आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा दिनांक 11.10.2025 को अभियान चला कर कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गए। बाजना से पनीर का एक नमूना, सुरीर से खोआ का एक नमूना, महोली रोड से खोआ का एक नमूना, होलीगेट से खोआ का एक नमूना, गढ़ी सहीराम महावन से पनीर के दो व खोआ के दो नमूने, नेरा बांगर महावन से क्रीम व घी का एक-एक नमूना, बल्देव से खोआ का एक नमूना, लक्ष्मीनगर जमुनापार से घी व बर्फी का एक-एक नमूना, ओल से घी व खोआ का एक-एक नमूना तथा वृन्दावन से पेड़ा, दही व घी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया तथा अस्वास्थकर दशाओं में भंडारित लगभग 20 कि0ग्रा0 पेड़ा मूल्य 8000/- वृन्दावन में एवं 10 कि0ग्रा0 पनीर मूल्य 4000/- को महावन में नष्ट कराया गया। खाद्य सचल दल में राम नरेश, जितेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, अरुण कुमार, रीना शर्मा, मोहर सिंह कुशवाह, भरत सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त अहोई अष्टमी मेला तहसील गोवर्धन के दृष्टिगत मोहर सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन का संचालन कराकर गोवर्धन तहसील में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर खाद्य कारोबारकताओं व आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया तथा खाद्य कारोबारकताओं को एफ0एस0एस0ए0आई0 द्वारा प्रमाणित खाद्य उत्पादों का ही उपयोग करने, अपने प्रतिष्ठान में फूड लाइसेंस प्रदर्शित करने, साफ-सफाई रखने एवं खाद्य पदार्थों के निर्माण में कृत्रिम रंगो का प्रयोग न करने, खाद्य पदार्थों एवं तैयार भोजन को ढककर रखने, आवश्यकतानुसार हेड कैप, फेस मास्क, एप्रिन, हेन्डग्लव्स का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अहोई अष्टमी मेला की तैयारियों के संबंध में डीएम और एसएसपी ने समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों की बैठक ली

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील गोवर्धन के राधे श्याम गेस्ट हाउस में अहोई अष्टमी मेला 2025 की तैयारियों के संबंध में समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अहोई अष्टमी पर राधाकुंड में होने वाले स्नान पर सतर्क रहे। अपने-अपने ड्यूटी स्थलों पर पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्यों का निर्वहन करें। सभी ड्यूटी में तैनात कर्मचारी श्रद्धालुओं से विनम्र व मृदुल व्यवहार करे। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को सुव्यवस्थित रखने के लिए राधाकुंड क्षेत्र को चार सुपर जोन, 12 जोन और 30 सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा के लिए 600 कांस्टेबल, 250 उपनिरीक्षक, 55 इंस्पेक्टर, 13 क्षेत्राधिकारी, 5 एएसपी और 94 महिला कांस्टेबल तैनात की गई है। इसके अलावा पीएसी और गोताखोरों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है।

उप जिलाधिकारी प्रजाक्ता त्रिपाठी ने बताया कि कुंड में स्नान स्थल पर सीढ़ियों से कुछ दूरी पर बैरीकेटिंग लगाई गई है, जिससे श्रद्धालु नियंत्रित ढंग से स्नान कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आश्रमों में ठहरे श्रद्धालु और कार्तिक नियम सेवा में जुटे भक्त रात्रि तीन बजे के बाद ही स्नान करें, ताकि भीड़ एक साथ न बढ़े। जिलाधिकारी ने एसपी यातायात को निर्देश दिए कि सभी रूट पर पर्याप्त पुलिस बल लगाए, गाड़ियों को पाकिंगों में व्यवस्थित रूप से खड़ी करवाये तथा रूट डाइवर्जन का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, एसपी देहात सुरेश चंद रावत, एसपी यातायात मनोज कुमार, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता, क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा, क्षेत्राधिकारी श्वेता सिंह, सुमन कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने लाल बहादुर का किया सम्मान

वेलकम इंडिया/ चरण सिंह



**बरेली।** शिक्षा जगत में अपनी पहचान बनाने वाले शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार लाल बहादुर गंगवार को बांदा जिले में प्रथम रामपाल स्मृति सम्मान

कार्यक्रम में देश 5 शिक्षकों में सम्मानित किया गया जिसके फलस्वरुप उनको विश्व शिक्षक संघ के कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार ने मंच पर स्मृति चिन्ह सॉल्व एवं 11000 कैश प्राइज देकर सम्मानित किया इस उपलब्धि पर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार सक्सेना बधाई देने उनके निज निवास पहुंचे व प्रशांत जाहिर की और बधाई शुभकामनाएं दी वही लाल बहादुर गंगवार ने बताया कि उनकी बेटी गरिमा सिंह का चयन आईआईएम बेंगलुरु में होने की बात भी बताई जिस पर अरुण कुमार ने बेटियों को इसी प्रकार अच्छी शिक्षा देने की बात कही ताकि वे अच्छा मुकाम हासिल कर सकें और अपने पैरों पर खड़े हो सके बधाई देने वालों में वन मंत्री अरुण कुमार के अग्रज भाई एडवोकेट अनिल कुमार ने भी लाल बहादुर गंगवार को बधाई दी लाल बहादुर गंगवार की पत्नी सीमा गंगवार द्वारा अतिथि गणों को दीपावली से पूर्व लक्ष्मी जी की फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की उसके उपरांत काफी समय तक शैक्षिक संवाद भी स्थापित हुआ मौके पर मौजूद रही उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित इंद्रदेव त्रिवेदी गीत सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष पंडित हरिओम गौतम पूर्व सांसद एवं मंडल अध्यक्ष सक्सेना पूर्व सभासद एवं आईटीआई संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी दीपक सक्सेना भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राहुल यदुवंशी शिक्षा मित्र संघ के अधिकारी चरण सिंह भारत सेवक समाज के जिला अध्यक्ष सक्सेना आदेश कार्यक्रम में शामिल रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल का ग्राम फफराना में सदस्यता अभियान का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आदेश,निर्देश में गाँव फफराना शिव मंदिर में सदस्यता अभियान योगेश फफराना द्वारा आयोजित किया गया। अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद द्वारा की गई। चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता, तेजपाल सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, रणवीर दहिया प्रदेश महासचिव व सिवाल विधानसभा के प्रभारी रहे, उन्होने ने अपने सम्बोधन में पार्टी को मजबूत करने का आह्वाहन किया। सर्व समाज के कल्याण की



भावना से कार्य करने का मंत्र भी कार्यकर्ताओ को दिया। डॉ पूनम गर्ग, रेखा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपमाला चौधरी, सुमन चौधरी, लीलू फफराना, योगेंद्र पतला क्षेत्रीय महा सचिव व जिला हापुड़ प्रभारी, अरुण दहिया एडवोकेट, जयदीप सिंह, विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, सतीश राठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सतेंद्र तोमर, बिट्टू खंजरपुर, अजित सिंह खंजरपुर, शेरसिंह मौर्य, तेजबीर सिंह डबाना, आलोक चौधरी विधानसभा अध्यक्ष, नरेंद्र जाटव जिला अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ, विनोद कुमार निजामपुर, विनोद चौधरी काजमपुर कपिल चौधरी, उपस्थित रहे। गंगाबल, महेन्द्र सिंह, अमन सिंह, जयपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, धीरज कुमार, ब्रजपाल सिंह, राममेहर सिंह, लीलू प्रधान, शुक्रम, गुलशन, ब्रजपाल, यतेंद्र, तेजबीर, सुरेन्द्र सिंह, बिशन सिंह, देव पंवार, वंश तेवतिया, नितिन तेवतिया, अंश पंवार, सम्राट पंवार, बाबा चौधरी,सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधानसभा क्षेत्र में स्नातक नव मतदाता पंजीकरण कैंप आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** स्नातक चुनाव 2026 के मद्देनजर स्नातक नव मतदाता कैंप का आयोजन सौदा रोड स्थित सभासद ललित त्यागी के कार्यालय पर किया गया।इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र संयोजक ललित त्यागी (सभासद) ने बताया कि 30 सितंबर से स्नातक चुनाव हेतु नई वोट बनवाने का कार्य चल रहा है।, जिसमें वर्ष 2023 तक स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके सभी मतदाताओं को अपने वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने सभी स्नातक क्षेत्रवासियों से अपील की, कि वे समय पर अपने फॉर्म संख्या 18 भरकर जमा करें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके।विधानसभा क्षेत्र सह संयोजक जीत सिंह व शिव अग्रवाल ने बताया कि मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में क्षेत्र के स्नातक मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने वोट बनवाने हेतु फॉर्म जमा किए।इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह अत्री, धर्मवीर सिंह, रामवीर सैनी, नरेश नागर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड आर्थराइटिस डे पर वॉकथॉन आयोजित कर बढ़ाई जागरूकता




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वर्ल्ड आर्थराइटिस डे के अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल वैशाली द्वारा रविवार को 'रफ्तारः चलने का नाम जिंदगी' शीर्षक से एक अनूठा व प्रेरणादायक वॉकथॉन और सपोर्ट ग्रुप कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से जॉइंट रिप्लेसमेंट (टीकेआर) और आर्थराइटिस मरीजों के लिए समर्पित था। इस अवसर पर लगभग 250 से अधिक लोग शामिल हुए, जिनमें टोटल नी रिप्लेसमेंट मरीज, स्थानीय आरडब्ल्यूए सदस्य, सीनियर सिटीजन फोरम के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य उत्साही, अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. हर्ष वर्धन (पूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्री) और डॉ. सुनीता गोदारा (मैराथन क्वीन ऑफ इंडिया) ने किया। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली, के ऑर्थोपेडिक्स एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इंजरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. निकुंज अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। वॉकथॉन मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली से शुरू होकर लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रैडिसन ब्लू, कौशांबी पर समाप्त हुआ। यह आयोजन उन मरीजों के साहस और दृढ़ता का प्रतीक था, जिन्होंने घुटने और जोड़ों की सर्जरी के बाद या आर्थराइटिस से जूझते हुए जीवन में फिर से चलने की खुशी पाई।

वॉकथॉन के बाद, डॉ. निकुंज अग्रवाल ने विनिंग ओवर आर्थराइटिस विषय पर हेल्थ टॉक दिया। उन्होंने बताया कि सही समय पर इलाज, नियमित व्यायाम और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव से आर्थराइटिस के मरीज बेहतर जीवन जी सकते हैं और अपने जोड़ों को स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने घुटने की सर्जरी को लेकर फैली गलतफहमियों को दूर करते हुए कहा कि सर्जरी के बाद भी जीवन सक्रिय, सहज और आनंदपूर्ण हो सकता है। मुख्य अतिथि डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मरीजों की हिम्मत और आत्मविश्वास का उत्सव नहीं हैं, बल्कि दूसरों को भी समय पर उपचार लेने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि आर्थराइटिस और जोड़ों की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती हैं, लेकिन सही जागरूकता, शुरूआती इलाज और आधुनिक सर्जरी के माध्यम से मरीज दोबारा गतिशील और आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम की अन्य प्रमुख झलकियों में जॉइंट रिप्लेसमेंट मरीजों द्वारा प्रेरक प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

# शारीरिक शिक्षा विद्यार्थियों ने किया पतंजलि वेलनेस सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुलतानीमल मोदी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा बी.ए. पंचम सेमेस्टर (शारीरिक शिक्षा) के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन पतंजलि योगपीठ वेलनेस सेंटर, मोदीनगर में किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को फिजियोथेरेपी एवं नेचुरोपैथी के क्षेत्र में व्यवहारिक ज्ञान एवं अनुभव प्रदान करना था। इस शैक्षणिक भ्रमण में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ विभाग के प्राध्यापक सौरभ पाल (प्रभारी, शारीरिक शिक्षा विभाग) तथा डॉ. कुमुद रानी भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फिजियोथेरेपी एवं नेचुरोपैथी विभागों का




अवलोकन किया। इस अवसर पर स्वामी आरोग्यदेव जी एवं कर्तार सिंह भाटी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्वामी जी ने योग, नेचुरोपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस भ्रमण से उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ जो उनके भविष्य के करियर में उपयोगी सिद्ध होगा। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार अग्रवाल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग ने पतंजलि योगपीठ वेलनेस सेंटर, मोदीनगर के प्रबंधन एवं स्टाफ का हार्दिक आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से स्वामी आरोग्यदेव का धन्यवाद, जिन्होंने अपने बहुमूल्य समय, प्रेरणादायक विचारों और स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन से इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल एवं यादगार बनाया।

# जेठानी के खाते और लॉकर से लाखों की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** परिवार के भरोसे को तोड़ देने वाला एक हैरान करने वाला मामला कविनगर थाना क्षेत्र से सामने आया है।

विवेकानंद विहार में रहने वाली एक महिला ने अपने ही रिश्ते की भतीजी पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि भतीजी ने उसके खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर 6.30 लाख रुपये निकाल लिए, इतना ही नहीं बल्कि बैंक लॉकर से भी उसके और उसकी सास के कीमती गहने गायब कर दिए। कविनगर क्षेत्र की निवासी सीमा (पीड़िता) ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह विधवा हैं और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कार्यरत हैं। सीमित शिक्षा के कारण वह बैंक से संबंधित कामों में सहायता के लिए अपने जेठ की बेटी सोनम को साथ ले जाया करती थीं। सोनम पिछले कई वर्षों से सीमा की बैंकिंग गतिविधियों में मदद कर रही थी, जिस पर सीमा को पूरा भरोसा था। लेकिन यह भरोसा तब टूट गया जब चार दिन पहले सीमा पासबुक में एंट्री कराने आरडीसी स्थित बैंक पहुंचीं। वहां उन्हें पता चला कि साल 2024 से लेकर 10 सितंबर 2025 के बीच उनके खाते से करीब 6 लाख 30 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं। यह सुनकर सीमा के पैरों तले जमीन खिसक गई। पैसे की निकासी की जानकारी मिलने के बाद जब उन्होंने बैंक में गहराई से जांच कराई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। बैंक रिकॉर्ड के मुताबिक, सोनम ने सीमा और उनकी सास के नाम से लॉकर से भी फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से गहने निकाल लिए।

# काम, क्रोध, मोह, लोभ मनुष्यों के पतन का कारण - पं0 अशोक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** श्रीराम नाम सत्संग सेवा न्यास ढिंढाला (मेरठ) के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरू पं0 अशोक शास्त्री ने श्रीमद् भागवत गीता से उत्धृत ह्यअर्जुन को श्रीकृष्ण जी का धर्म उपदेशह्ल का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्म क्षेत्र में हमें अर्जुन नहीं आर्यजन (श्रेष्ठ पुरूष) बनना चाहिए अर्थात हमें श्रेष्ठ पुरूष बनकर समय व परिस्थिति के अनुकूल कर्म क्षेत्र में आने वाली समस्याओं व चुनौतियों का दृढ़ता पूर्वक मुकाबला करना चाहिए।

पं0 अशोक शास्त्री कार्तिक षष्टी तिथि पर यहां आनंदीपुरा कालोनी में वयोवृद्ध पत्रकार के आवास पर



रविवार को आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु श्रोता समुदाय के समक्ष धर्म प्रवचन कर रहे थे।उन्होंने काम, क्रोध, मोह, लोभ आदि को मनुष्यों के पतन का कारण बताते हुए कहा कि हमें सांसारिक कार्यो से विमुख हो शांति, धर्म व कल्याण का मार्ग अपनाना चाहिए। तभी में प्रभु का सान्निध्य प्राप्त हो सकता है। इस अवसर पर शशिप्रभा, कुमुद, नीतू, शेखर पंत, पराग जैन, क्षितिज सहित अन्य कई श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# श्रीराधा रानी की पालकी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** कार्तिक माह में निकाली जाने वाली प्रभात फेरी के अन्तर्गत पं0 चंद्रप्रकाश व दीपक वशिष्ट के संयुक्त देखरेख में आज रविवार को श्रीराधा रानी की भव्य पालकी शोभा यात्रा निकाली गई। आनंदीपुरा कालोनी में प्रवीण खटाना सहित अनेक श्रद्धालुजनों ने श्रीराधा रानी की पालकी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर वशिष्ट बंधुओं द्वारा प्रस्तुत श्रीराधा रानी के धार्मिक भजनों से माहौल धर्ममय हो गया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, सभासद पति बलराज गूर्जर, कृष्ण पाल खटाना, राजेश्वरी देवी, सचिन, निर्दोष खटाना, शशि, सुनीता, संगीता, शशिप्रभा, राधा नारंग, कुमुद पंत, सोनिया शर्मा, पं0 प्रभुदत्त शर्मा, रामकुमार गोयल, सरदार राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, किशन कुमार शर्मा डोगरा सहित अधिक संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में कला संगम का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

साहिबाबाद, (अनिल वशिष्ठ)। औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कला संगम कार्यक्रम ने पूरे परिसर को कला और संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। जिसमें दिल्ली-एनसीआर के 30 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मंच पर बच्चों के जोश, उत्साह और प्रतिभा ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीन एकेडमिक्स प्रो. (डॉ.) अमित जैन, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डीन सीएसई एलाइड ब्रांच प्रो. (डॉ.) सुनीता यादव, शोभना शर्मा एवं सपना शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के




आयोजनों की सराहना की, जो शिक्षा के साथ-साथ कला और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं। कला संगम में कुल 33 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें गायन, नृत्य, वाद्य संगीत, रंगमंच और मोनो एक्टिंग जैसी श्रेणियां शामिल थीं। मंच पर छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कॉलेज प्रशासन ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। डॉ. अमित जैन ने कहा कि कला संगम जैसे आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल अकादमिक विकास नहीं, बल्कि सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण है, और ऐसे कार्यक्रम उसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# ग्राम अबूपुर से जनजागृति यात्रा का शुभारम्भ हुआ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाण फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे धरने के पंद्रहवें दिन और अनशन के सातवें दिन समयानुसार जनजागृति यात्रा का शुभारम्भ हुआ।यात्रा की शुरूआत ग्राम अबूपुर से की गई। जहाँ गाँव के बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने शांतिपूर्ण यात्रा निकाली। इस यात्रा का उद्देश्य ग्रामवासियों को गंदे जलभराव, स्वच्छता, और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र और भूड़ मोहल्ले के पास नालियों के गंदे जलभराव से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, परंतु प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। यात्रा के दौरान फाउंडेशन की टीम ने गाँव के विभिन्न हिस्सों में जनता से




संवाद किया और उनकी समस्याएँ सुनीं। जनता ने ईश्वर चंद्र के इस संघर्ष को अपना संघर्ष बताते हुए कहा कि अब यह लड़ाई केवल जलभराव की नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार और जनसम्मान की लड़ाई बन चुकी है। मनोज कुमार ,अमित अग्रवाल नवरसन गुरूजी, नितिन चौधरी, महेंद्र, हरेंद्र शर्मा, सतेन्द्र,सेंकी, हर्षित, शिवम, आयुष, संदीप, बंटी, अरुण, हरपाल, अभिषेक चौधरी, उज्ज्वल चौधरी, जगपाल, अरविन्द चौधरी, राजू गिरी, लोकेश,जयवीर, राजकुमार, अशोक आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिल्प उद्यान पार्क का जीडीए उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

## कर्मियों के लिए तय होगा ड्रेस कोड और सुरक्षा मानक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संजय नगर योजना के अंतर्गत स्थित शिल्प उद्यान पार्क में रविवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को पार्क की सभी सुविधाओं को व्यवस्थित एवं अद्यतन बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष अतुल वत्स के साथ प्राधिकरण के उद्यान अनुभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने पार्क के संपूर्ण रखरखाव, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, विद्युत व्यवस्था, सिंचाई प्रणाली तथा बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पार्क नागरिकों के मनोरंजन और विश्राम का एक प्रमुख केंद्र है, इसलिए इसकी सभी सुविधाओं का हमेशा उत्कृष्ट स्थिति में रहना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पार्क में टहल रहे आगंतुकों से भी संवाद किया। नागरिकों ने बताया कि पार्क की अधिकतर सुविधाएं अच्छी स्थिति में हैं, किंतु बैठने के लिए कुछ अतिरिक्त बेंच लगाए जाने की आवश्यकता महसूस होती है। इस पर उपाध्यक्ष महोदय ने उद्यान प्रभारी को निर्देशित किया कि पार्क की सभी सुविधाओं का पुनः परीक्षण (रिव्यू) किया जाए और लाइट, बेंच तथा सौंदर्यीकरण से संबंधित आवश्यक सुधार कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराकर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके अलावा, उन्होंने पार्क में कार्यरत सभी कर्मियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने और सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे और कार्य की गुणवत्ता भी बनी रहे। श्री वत्स ने यह भी स्पष्ट किया कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सौंदर्यपूर्ण सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की हर योजना में उत्कृष्ट जीवन-पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति में सतत सुधार प्राथमिकता में है। उल्लेखनीय है कि संजय नगर कॉलोनी का हस्तांतरण नगर निगम को किया जा चुका है, किंतु शिल्प उद्यान पार्क का रखरखाव अब भी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के अधीन है। इसी क्रम में उपाध्यक्ष का यह निरीक्षण नागरिक सुविधाओं के बेहतर रखरखाव और जनसंतोष बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# निगम का प्लास्टिक मुक्त अभियान: 50 टन सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त, जीएसटी विभाग का सक्रिय सहयोग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के अपने अभियान में रविवार को एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 टन सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त किया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में यह अभियान पूरे शहर में तेजी से चल रहा है।

अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग और जीएसटी विभाग की टीमों ने मिलकर मोहन नगर जोन में प्लास्टिक से भरे ट्रकों और गोदामों पर छापेमारी की। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि दिनांक 11 अक्टूबर को मोहन नगर में अभियान के दौरान एक बड़ा ट्रक पकड़ा गया, जिसमें लगभग 10 टन पॉलिथीन के 40 बैग पाए गए। इन बैगों को रेत मंडी प्लांट पर भेजा गया। अभियान के दौरान निगम और जीएसटी टीम गोदाम तक पहुँची, जहां स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर पॉलिथीन से भरे गोदाम को सील कर दिया। प्रारंभिक जांच में अनुमान है कि गोदाम में लगभग 40 टन अतिरिक्त पॉलिथीन मौजूद थी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि समस्या का समाधान केवल सतही कार्यवाही से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए जड़ तक जाकर कार्रवाई करना आवश्यक है। इसी दिशा में नगर निगम टीम ने ट्रक पकडे के बाद गोदाम तक की पूरी जांच और कार्रवाई सुनिश्चित की। उन्होंने यह भी कहा कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और शहर में ऐसे अवैध प्लास्टिक संचालन पर कोई भी ढील नहीं दी जाएगी। महापौर सुनीता दयाल ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नगर निगम लगातार शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार में सक्रिय भाग लें और शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें।

नगर निगम के इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग लगातार जागरूकता अभियान भी चला रहा है, जिसमें नागरिकों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव और उसके विकल्पों के बारे में जानकारी दी जा रही है। नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार, टीम शहर के अन्य हिस्सों में भी छापेमारी कर रही है और अवैध प्लास्टिक स्टोर एवं बिक्री पर नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई से नगर निगम ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि गाजियाबाद में प्लास्टिक का अवैध उत्पादन और बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने नागरिकों से कहा कि वे स्वयं भी इस मुहिम में भाग लें और प्लास्टिक के प्रयोग से बचकर अपने बच्चों और पर्यावरण के हित में योगदान दें। इस अभियान के चलते नगर निगम ने यह संदेश भी दिया कि शहर में लगातार निगरानी, सक्रिय कार्रवाई और जागरूकता के माध्यम से ही गाजियाबाद को पूर्णतया प्लास्टिक मुक्त शहर बनाया जा सकता है।

# सेंट्रल पार्क में 1000 बच्चों को कराया गया भोजन, लव केयर फाउंडेशन की मानवता से भरी पहल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** समाज में सेवा और मानवता का संदेश देने के उद्देश्य से लव केयर फाउंडेशन द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क में वार्षिक परंपरा के तहत एक भव्य भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल और कौशांबी थाना अध्यक्ष अजय शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और नारियल फोड़कर किया। यह कार्यक्रम नेक्स्ट स्टेप इंजीनियरिंग नोएडा के डायरेक्टर वासु चौधरी के सहयोग से संपन्न हुआ। फाउंडेशन की इस पहल का उद्देश्य समाज में सेवा, एकता और करुणा का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह साफ झलक रहा था।

फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. संजू दादरू ने बताया कि लव केयर फाउंडेशन हर वर्ष ऐसे सामाजिक और मानवीय कार्यों का आयोजन करता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य सिर्फ जरूरतमंदों की सहायता करना नहीं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ाना है। हम कई अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के कार्यक्रम करते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके।

# सेंट्रल पार्क में विकास कार्यों का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों को नई गति मिल गई है। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों से कौशांबी सेंट्रल पार्क में मरम्मत और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों का शुभारंभ रविवार को विधिवत रूप से किया गया। शुभारंभ का कार्य समाजसेवी सतीश रोहतगी ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पार्क में बने चबूतरे पर कौशांबी लिखा हुआ स्तंभ स्थानीय पहचान का प्रतीक है, जिसके आस-पास के क्षेत्र का पुनर्निर्माण और रंगाई-पुताई कार्य शुरू हो चुका है। मंदिर के पीछे बने हाल के रिपेयर और नवीनीकरण का भी कार्य इसी क्रम में कराया जा रहा है। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने जानकारी दी कि पिछले कुछ महीनों में पार्क के कई हिस्सों में आवश्यक मरम्मत कार्य पूरे किए जा चुके हैं। पार्क में लगे बेंचों की रिपेयर और रंगाई, हटों की मरम्मत एवं पुताई, झूलों की मरम्मत और फुटपाथ पर लाइटें लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पार्क में शेष बची लाइटें भी बहुत जल्द लगा दी जाएंगी। इसी क्रम में मंदिर के पीछे के हाल के मरम्मत कार्य की शुरूआत की गई है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के दौरान पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का फूल-माला पहनाकर सम्मान किया और उन्हें पार्क में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पार्क केवल मनोरंजन का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और सामुदायिक कार्यक्रमों का केंद्र है। उन्होंने नगर निगम की टीम और संबंधित अधिकारियों के सहयोग की सराहना की तथा विशेष रूप से महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग से यह कार्य संभव हुआ। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पार्क में फिटनेस जोन, ओपन जिम और नई हरियाली परियोजनाओं की शुरूआत की जाएगी।

**पार्क में सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार का कार्य तेजी से जारी**

# ऊंची इमारतों में आरसीसी शियर वॉल अनिवार्य हो

वेलकम इंडिया

**■ न तो स्थल पर परीक्षण होता है, न ही व्यावहारिक जांच।**

**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर जैसे भूकंप संभावित क्षेत्र में ऊंची इमारतों की सुरक्षा को लेकर अब फ्लैट मालिकों की चिंताएं सामने आने लगी हैं। इसी क्रम में फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ने उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) को एक विस्तृत पत्र भेजकर यह मांग की है कि सभी ऊंची इमारतों में आरसीसी शियर वॉल का प्रावधान अनिवार्य किया जाए। यह दीवार इमारत को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से संरचनात्मक मजबूती प्रदान करती है और भवन की स्थिरता बनाए रखती है।

फेडरेशन ने रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुडगांव जैसे इलाके भूकंपीय दृष्टि से उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में आते हैं। ऐसे में भवन निर्माण से संबंधित मानकों को लेकर विशेष सतर्कता बरतना अत्यंत आवश्यक है। फेडरेशन के चेयरमैन कर्नल टी.पी.एस. त्यागी (सेवानिवृत्त) ने बताया कि आरसीसी शियर वॉल एक लगभग छह इंच मोटी आरसीसी दीवार होती है जो इमारत की पूरी चौड़ाई में नीचे से ऊपर तक बनाई जाती है। यह दीवार इमारत को स्थायित्व प्रदान करती है और भूकंप के समय कंपन के झटकों को अवशोषित कर संरचना को गिरने से बचाती है। उनका कहना है कि ऊंची इमारतों में यह वॉल अनिवार्य होनी चाहिए, क्योंकि इससे जीवन और संपत्ति दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। कर्नल त्यागी ने मौजूदा भवन निर्माण प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि फिलहाल बिल्डर मिट्टी की जांच रिपोर्ट तैयार कराकर उसे आईआईटी रुड़की भेज देते हैं, जहां से दूर बैठे विशेषज्ञ भवन का संरचनात्मक डिजाइन तैयार कर देते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर की हवा फिर हुई जहरीली, गाजियाबाद देश का छठा सबसे प्रदूषित शहर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जैसे-जैसे मौसम में ठंडक बढ़ने लगी है, वैसे-वैसे दिल्ली-एनसीआर की हवा एक बार फिर जहरीली होती जा रही है। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में ही प्रदूषण का स्तर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। शनिवार को जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़े चौंकाने वाले रहे। 242 एक्यूआई दर्ज होने के साथ गाजियाबाद देश का छठा सबसे प्रदूषित शहर बन गया, जबकि ग्रेटर नोएडा 280 एक्यूआई के साथ सूची में सबसे ऊपर रहा। वायु प्रदूषण के इस बढ़ते स्तर ने नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस रोकथाम योजना या दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। पिछले कई वर्षों की तरह इस बार भी सरकारी तैयारियां केवल बैठकों और कागजी योजनाओं तक सीमित दिखाई दे रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल सर्दियों की शुरूआत के साथ प्रदूषण का संकट गहराता है, लेकिन सरकार और स्थानीय निकायों द्वारा उठाए जाने वाले कदम समय पर लागू नहीं होते। राजनगर एक्सटेंशन, साहिबाबाद, लोनी, भोपुरा-दिल्ली बॉर्डर, वसुंधरा और सिद्धार्थ विहार जैसे क्षेत्र पूर्व में प्रदूषण हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किए जा चुके हैं, जहां धूल उड़ाती सड़कें, खुले में निर्माण कार्य और वाहनों का धुआं प्रदूषण के प्रमुख कारण बने हुए हैं। पिछले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इन इलाकों में पानी का नियमित छिड़काव, धूल नियंत्रण उपायों और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए थे। लेकिन इस वर्ष अब तक न तो किसी क्षेत्र को हॉटस्पॉट घोषित किया गया है और न ही मॉनिटरिंग शुरू की गई है।

वायु गुणवत्ता के खराब श्रेणी में पहुंचते ही इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और अस्थमा या सांस की बीमारियों से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। शहर के कई हिस्सों से आंखों में जलन, सांस लेने में कठिनाई, खांसी और गले में खराश जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण का यह स्तर लंबे समय तक बना रहा तो लोगों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ेगा। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अगर प्रशासन ने अभी से ठोस कदम नहीं उठाए, तो नवंबर-दिसंबर में हालात गंभीर श्रेणी तक पहुंच सकते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से सड़क सफाई, निर्माण स्थलों पर धूल रोकने और औद्योगिक उत्सर्जन की सख्त निगरानी की मांग की है।

# दीक्षांत समारोह 2025 में छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए प्रेरित किया

**गाजियाबाद।** आईएमटी गाजियाबाद के वार्षिक दीक्षांत समारोह 2025 में शनिवार को छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, दृढ़ता और समर्पण का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष मोहित बर्मन ने स्नातकों को आज की पीढ़ी बनने का संदेश दिया और बदलती दुनिया में नवाचार और ईमानदारी का मिश्रण करते हुए नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में प्रतिष्ठित संकाय, पूर्व छात्र और उद्योग जगत के नेताओं की उपस्थिति रही। मुख्य संरक्षक कमलनाथ, निदेशक आतिश चट्टोपाध्याय और संस्थागत प्रमुख भी उपस्थित थे। मोहित बर्मन ने कहा कि आज सिर्फ एक समारोह नहीं है यह एक लॉन्चपैड है। आप ऐसी दुनिया में कदम रख रहे हैं जो आपके विचारों, ऊर्जा और साहस का इंतजार कर रही है।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर चला विशेष अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

इस क्रम में रविवार को ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत स्थित कौशांबी पिंक बूथ पुलिस टीम ने शनिवार को क्षेत्र के प्रमुख शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं, छात्राओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को न केवल सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित करना भी था। पिंक बूथ पुलिस टीम ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में हर महिला को आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आत्मविश्वास और तत्परता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं और बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के विषय में सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों और युवतियों को अपने आसपास के माहौल में सतर्क रहना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत या असहज स्थिति को वे तुरंत पहचान सकें और आवश्यक कदम उठा सकें। टीम ने महिलाओं को यह भी बताया कि किसी भी असुरक्षित परिस्थिति या आपराधिक गतिविधि का सामना होने पर चुप रहने के बजाय तुरंत पुलिस से संपर्क करें। इसके लिए उन्होंने निम्न महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी कि 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग)।

# नए सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों का हुआ उत्साहपूर्ण स्वागत

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरूआत उल्लास, उत्साह और उमंग से हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को एस्पेरांजा 2025 नामक भव्य नवागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नए विद्यार्थियों का स्वागत हर्षोल्लास के वातावरण में किया गया।

यह आयोजन युवा ऊर्जा, रचनात्मकता और एकता का प्रतीक बनकर सामने आया, जिसने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों को एक ही मंच पर जोड़ दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जो ज्ञान, आशा और नई शुरूआत का प्रतीक है। दीप प्रज्वलन के पश्चात विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया। परिसर रंग-बिरंगी सजावट, झिलमिल रोशनी और मधुर संगीत से सुसज्जित था।

# उत्तर प्रदेश पीसीएस-2025 की प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस)-2025 की प्रारंभिक परीक्षा की पहली पाली रविवार को पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर राज्य प्रशासन, पुलिस विभाग और आयोग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से व्यापक सुरक्षा और पारदर्शिता के इंतजाम किए थे। पूरे प्रदेश में परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन और निष्पक्षता का वातावरण बना रहा। गाजियाबाद जिले में परीक्षा के लिए कुल 21 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जहां लगभग 10,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें अभ्यर्थियों ने सामान्य अध्ययन का प्रश्नपत्र हल किया। सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें दिखाई दीं। अधिकतर परीक्षार्थी समय से पहले केंद्रों पर पहुंच गए ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केंद्रों के बाहर सख्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व गहन जांच की गई। मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को केंद्र में लाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी प्रक्रिया की निगरानी की गई।

